ISO 9001:2015

वार्षिक प्रतिवेदन 2021

भा.कृ.अनु.प. - केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई

ICAR-Central Institute for Research on Cotton Technology (ICAR-CIRCOT), Mumbai

Towords Doubling Farmer's Income through Sustainable Processing Technology & Value Addition to by-produce

भाकृअनुप
ICAR

भा.कृ.अनु.प.-कें.क.प्रौ.अनु.सं.

वार्षिक प्रतिवेदन 2021

के.क.प्रो.अनु.सं.
CIRCOT

ISO 9001:2015

भा.कृ.अनु.प.- केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान

एडनवाला रोड, माटुंगा, मुंबई – 400019

(आय.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित संस्थान एवं एन.ए.बी.एल. प्रत्यायित प्रयोगशाला)

https://circot.icar.gov.in

प्रकाशक
निदेशक

संपादक
डा. सुजाता सक्सेना, प्रधान वैज्ञानिक एवं कार्यकारी निदेशक
डा. सुजाता कवलेकर, मुख्य तकनीकी अधिकारी

अनुवादक (संस्थान कार्मिक)
1. डा.(श्रीमती) नंदिता अष्टपुत्रे, मुख्य तकनीकी अधिकारी
2. श्री आर.आर. छगानी, सहा. मु. तक. अधिकारी
3. श्रीमती पार्वती निरहाली, सहा. मु. तक. अधिकारी
4. डा. (कु) सी.पी. डिसूज़ा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी
5. श्रीमती प्राची म्हात्रे, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी
6. डा. निशांत कांबली, व. तकनीकी अधिकारी
7. श्रीमती तृप्ति मोकल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी
8. श्रीमती हेमांगी पेडणेकर, तकनीकी अधिकारी
9. श्रीमती एम.पी. कांबले, तकनीकी अधिकारी
10. श्री आनंद जाधव, तकनीकी अधिकारी
11. श्री कृष्णा बारा, तकनीकी अधिकारी
12. श्री गोरखा थापा, कुशल सहायक कर्मचारी

मुद्रण स्थान : कलर काउंट, मुंबई

©भा.कृ.अनु.प.-केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान 2021

भा.कृ.अनु.प.-केंं.क.प्रौ.अनु.सं., वार्षिक प्रतिवेदन 2021 संस्थान का आंतरिक प्रकाशन है जिसमें वर्ष 2021 के दौरान किये गये शोध कार्य का वृतांत प्रस्तुत किया गया है। अत: रिपोर्ट में प्रस्तुत डेटा, तस्वीरें और आंकडों का अन्य कोई उपयोग करने या बेचने की अनुमति नहीं है ।

उध्दरण (Citation) : भा.कृ.अनु.प.-केंं.क.प्रौ.अनु.सं., वार्षिक प्रतिवेदन 2021
भा.कृ.अनु.प.-केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई

अनुक्रमणिका

संक्षिप्त परिभाषाएं i

प्राक्कथन ii

कार्यकारी सारांश iii

1. परिचय 01
2. प्रमुख शोध उपलब्धियाँ 07
3. प्रौद्योगिकी प्रबंधन 46
4. कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण 50
5. संबंध और सहयोग 59
6. पुरस्कार और मान्यता 65
7. प्रकाशन 68
8. आईएमसी, आरएसी और आईआरसी बैठकें 76
9. सेमिनारों/सम्मेलनों/बैठकों/कार्यशालाओं में भागीदारी 78
10. आयोजित कार्यक्रम 85
11. हिन्दी कार्यान्वयन 96
12. प्रतिष्ठित आगंतुक 99
13. स्वच्छ भारत अभियान 100
14. मेरा गाँव मेरा गौरव 103
15. आधारभूत संरचना व सुविधाएं 105

संलग्नक

I. वर्तमान अनुसंधान योजनाएं 106
II. कार्मिक की सूची 111
III. संस्थागत समितियों की सूची 118
IV. नागरिक/ग्राहक अधिकार-पत्र 124
V. सूचना का अधिकार 125

संक्षिप्त परिभाषाएं

एबीआई	कृषि-व्यवसाय सृजनन
ए एफ आय एस	उन्नत फाइबर सूचना प्रणाली
एएफएम	परमाण्वीय बल सूक्ष्मदर्शी
एआईसीआरपी	अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना
एकेएमयू	कृषि ज्ञान प्रबंधन इकाई
एएसआरबी	कृषि वैज्ञानिक भर्ती मंडल
एएसटीएम	अमेरिकन सोसायटी फॉर टेस्टिंग मटेरियल्स
बीआईएस	भारतीय मानक ब्यूरो
बीएसकेकेवी	डॉ. बालासाहेब सावंत कोकण कृषि विद्यापीठ
सीबीपीडी	रासायनिक एवं जैवरासायनिक प्रक्रिया विभाग
सिआईआरसीओटी	केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (कें क प्रौ अ सं)
सी टी आर एल	कपास प्रौद्योगिक अनुसंधान प्रयोगशाला
डी आर	डबल रोलर
एफ टी आई आर	फूरियर रूपांतरण अवरक्त स्पेक्ट्रोस्कोपी
जी टी सी	ओटाई प्रशिक्षण केंद्र
एच डी पी एस	उच्च घनत्व रोपण प्रणाली (हाई डेंसिटी प्लांटिंग सिस्टिम)
एच वी आई	उच्च निष्पादन उपकरण
आई सी ए आर	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भा कृ अ प)
आई सी सी सी	भारतीय केंद्रीय सूती समिति
आई सी टी	रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान
आई एफ एस	इंडियन फाईबर सोसायटी
आई जे एस सी	संस्थान संयुक्त कर्मचारी परिषद
आई एम सी	संस्थान प्रबंधन समिति
आई पी	भारतीय फार्माकोपिया
आईआरसी	संस्थान अनुसंधान परिषद
आईएसएई	इंडियन सोसायटी ऑफ ऍग्रिकल्चरल इंजीनियर
आईएससीआई	इंडियन सोसायटी फॉर कॉटन इंप्रुव्हमेंट
आईएसओ	इंटरनॅशनल ऑर्गनाईज़ेशन फॉर स्टैंडर्डाईज़ेशन
आईटीएमएफ	अंतर्राष्ट्रीय वस्त्र निर्माता संघ (इंटरनॅशनल टेक्स्टाईल मॅन्युफॅक्चरर्स फेडरेशन)
आई टी एम यू	संस्थान प्रौद्योगिक प्रबंधन इकाई (इंस्टिट्यूट टेक्नॉलॉजी मॅनेजमेंट युनिट)
एम एफ सी	माइक्रो फाईब्रिलेटेड सेल्युलोज़
एम जी एम जी	मेरा गाँव मेरा गौरव
एम ओ यू	समझौता ज्ञापन (मेमोरँडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग)
एम पी डी	यांत्रिक प्रक्रिया विभाग
एन ए बी एल	नॅशनल ऍक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग ऍन्ड कॅलिब्रेशन ऑफ लॅबॉरेटरिज़
एन ए आई एफ	राष्ट्रीय कृषि नवाचार निधि
पी एम सी	परियोजना निगरानी और मूल्यांकन समिति (प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ऍन्ड इवॅल्युएशन कमिटी)
एम ओ यू	समझौता ज्ञापन (मेमोरँडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग)
एम पी डी	यांत्रिक प्रक्रिया विभाग
एन ए बी एल	नॅशनल ऍक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग ऍन्ड कॅलिब्रेशन ऑफ लॅबॉरेटरिज़
एन ए आई एफ	राष्ट्रीय कृषि नवाचार निधि
पी एम सी	परियोजना निगरानी और मूल्यांकन समिति (प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ऍन्ड इवॅल्युएशन कमिटी)
क्यू ई आई डी	गुणवत्ता मूल्यांकन एवं सुधार विभाग
क्यूआर टी	पंचवार्षिक समीक्षा समूह
आर ॲन्ड डी	अनुसंधान एवं विकास
आर ए सी	अनुसंधान सलाहकार समिति
आर ए एफ टी ए ए आर	कृषि और संबद्ध क्षेत्र कायाकल्प के लिए पारिश्रमिक अनुमोदन
आर के व्ही वाय	राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
आर पी एम	प्रति मिनट धूर्णन
एस ई एम	क्रमवीक्षण इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी
एस बी ई ई	सोसायटी ऑफ बेनिन एलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग
एस एन डी टी	श्रीमति नाथीबाई दामोदर ठाकरसी (महिला विद्यापीठ)
टी ए पी	तकनीकी सहायता कार्यक्रम
टी टी डी	प्रौद्योगिकी हस्तांतरण विभाग
यु एस डी ए	युनाईटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ ऍग्रिकल्चर
यू ए एस	युनिव्हर्सिटी ऑफ ऍग्रिकल्चरल सायंसिस
वी जे टी आई	विरमाता जिजाबाई टेक्नॉलॉजीकल इंस्टिट्यूट

प्राक्कथन

संपूर्ण कपास मूल्य श्रृंखला में मजबूत मांग से प्रतीत होता है कि वैश्विक कपास सेक्टर कोविड 19 की महामारी के दौरान आई मंदी से उबर चुका है। वैश्विक स्तर पर, वर्ष 2021-22 में कपास की खेती का क्षेत्रफल 33.1 मिलियन हेक्टेयर रहा जिसमें भारतीय क्षेत्रफल लगभग 12.6 मिलियन हेक्टेयर के साथ सबसे बड़ा था। 5.8 लाख टन के अनुमानित उत्पादन के साथ भारत एक बार फिर विश्व कपास उत्पादन में अग्रणी बना है। घरेलू कपास क्षेत्र के पुनर्जीवन के साथ यह भी देखने को मिला कि कपास मूल्य श्रृंखला के सभी भागीदार जैसे किसान, जिनर्स, स्पिनर्स, कपड़ा उत्पादक और निर्यातक सभी लाभान्वित हुए। अत्यधिक बारिश की वजह से चुनाई में हुआ विलंब, देर से आवक और कताई मिलों से बढ़ती मांग कपास की कीमतों में तेजी का कारण बने। वर्ष 2020-21 में एमएसपी के तहत किसानों से खरीदी गई कपास की कीमत में आयी भारी उछाल से कपास किसानों के चेहरे पर मुस्कान वापस लौट आई है।

भाकृअनुप-केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान ने कोविड 19 महामारी के बावजूद अपने हितधारकों के लिए गतिविधियों को चालू रखने के लिये प्रतिबद्ध प्रयास किये हैं। वर्ष के दौरान, संस्थान ने कपास खरीद एजेंसियों जैसे; भारतीय कपास निगम और महाराष्ट्र कोआपरेटिव कॉटन ग्रोअर्स मार्केटिंग फेडरेशन लि. के साथ गुणवत्ता मूल्यांकन में पारदर्शिता के लिए एक मानक प्रोटोकॉल बनाने और लॉट अनुसार प्रेस्ड बेल्स के विश्लेषण के लिए अनुबंध अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किया है। संस्थान ने अन्य अनुसंधान और शैक्षणिक संस्थानों के साथ संपर्क में गति लाते हुए प्रौद्योगिकी विकास मूल्यांकन और उनके अनुप्रयोगों की पुष्टि करने हेतु कई अंतर-संस्थागत परियोजनाओं की शुरुआत की है।

संस्थान ने अपने हितधारकों को आईएसओ 9001:2015 "गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली" और अपनी प्रयोगशालाओं के लिए एनएबीएल मान्यता के साथ वाणिज्यिक सेवाएं प्रदान करना जारी रखा है। किसानों के लिए विशेष कौशल विकास कार्यक्रम, अन्य हितधारकों के लिए अनुसंधान परामर्श सेवाएं तथा स्टार्ट-अप्स के लिये उद्भवन सेवाओं के अंतर्गत तकनीकी परामर्श और वित्तीय सहायता प्रदान की गई हैं। वर्ष के दौरान संस्थान के आरकेवीवाई-रफ़्तार इनक्यूबेशन केंद्र द्वारा दूसरे कोहॉर्ट के तहत बारह नए स्टार्ट-अप्स को 1.55 करोड़ रुपये का सहायता अनुदान प्राप्त हुआ है। सहायता अनुदान के माध्यम से व्यवसाय वृद्धि और विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए ग्यारह स्टार्ट-अप्स के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। संस्थान की व्यावसायिक परीक्षण गतिविधियों में भी वृध्दि हुई है और आंतरिक संसाधन सृजन में उनका दो-तिहाई से अधिक योगदान है।

संस्थान अपने वित्तीय संसाधनों के पूर्ण उपयोग के लिए प्रतिबद्ध रहा है, वर्ष 2020-21 के दौरान आबंटित निधि का 100% उपयोग सुनिश्चित किया गया है और वर्ष 2021-22 में इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा है। संस्थान लगातार दूसरे वर्ष अपने अनुसंधान एवं विकास, कौशल विकास कार्यक्रमों, परामर्श और उद्भवन सेवाओं आदि के माध्यम से लगातार 3 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित करने में सक्षम रहा है। संस्थान द्वारा अर्जित राजस्व परिषद से प्राप्त वित्तीय सहायता (वेतन घटक को छोड़कर) के एक तिहाई से अधिक है।

इस अवधि के दौरान संस्थान ने "आजादी का अमृत महोत्सव" के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया है, जनता की सहभागिता से स्वच्छता अभियान तथा हितधारकों के लिए मेरा गाँव मेरा गौरव एवं एससीएसपी योजना के तहत 12 नए गांवों को अपनाया है। संस्थान नये आयामों का अन्वेषण कर रहा है और राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, थर्मल पावर प्लांट में जैव इंधन (बायोमास) का कोयले के साथ उपयोग पर राष्ट्रीय मिशन जैसे राष्ट्रीय महत्त्व के अनुसंधान कार्यक्रमों में सहभागिता कर रहा है।

आगामी वर्षों में संस्थान अपनी शताब्दी की ओर अग्रसर हो रहा है और कपास प्रौद्योगिकी में वैश्विक उत्कृष्टता द्वारा अपने हितधारकों को संपन्नता प्रदान करने पर ध्यान दे रहा है।

सुजाता सक्सेना
निदेशक (कार्यकारी)

कार्यकारी सारांश

भाकृअनुप-सिरकॉट का समर्पित वैज्ञानिक और तकनीकी कार्यबल कपास क्षेत्र में स्थिरता और समावेशी विकास के लिए हमेशा कड़ी मेहनत करता आ रहा है. संस्थान निम्न पाँच प्रमुख क्षेत्रों में अनुसंधान गतिविधियों का संचालन करता है;

I. पूर्व-ओटाई एवं ओटाई

II. यांत्रिकी प्रसंस्करण, तकनीकी कपड़ा और कंपोजिट्स

III. अभिलक्षणन-कपास व अन्य प्राकृतिक रेशे, सूत एवं कपड़ा

IV. रासायनिक और जैव-रासायनिक प्रसंस्करण, जैवभार और उप-उत्पाद उपयोगिता

V. व्यापार उद्भवन, उद्यमिता एवं मानव संसाधन विकास

2021 के दौरान संस्थान द्वारा की गई प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

अनुसंधान कार्यकलाप

वर्ष के दौरान विभिन्न नये मशीनरी, प्रक्रिया प्रौद्योगिकी, मूल्यवर्धित उत्पादों और अन्य महत्वपूर्ण अनुसंधान परिणामों को प्राप्त कर लिया गया है जैसे;

प्रक्रिया प्रौद्योगिकियां:

- बिनौला खली से प्रोटीन हाइड्रोलाइजेट का एंजाइमी निर्माण
- निर्यात हेतु भारतीय कपास का "कस्तूरी कॉटन इंडिया" के रूप में ब्रांड बनाने के प्रक्रिया प्रोटोकॉल का विकास
- काउंट और काउंट स्ट्रेंथ प्रोडक्ट (सीएसपी) के बीच संबंध स्थापना हेतु संशोधित मॉडल
- पूर्व-उपभोक्ता सूचिग्रथित अपशिष्ट कपड़े से निकाले गए सूती रेशों की कताई हेतु प्रक्रिया प्रोटोकॉल का विकास

मशीनरी / मूल्य वर्धित उत्पाद

- शीघ्र सूखने की क्षमता रखनेवाले उच्च आरामदेह सूचिग्रेथित वस्त्र
- पोर्टेबल कॉटन ओटाई यंत्र के लिए डिजिटल जिनिंग प्रतिशत संकेतक (डीजीपीआई)
- संरेखित नैनोरेशा उत्पादन के लिए घूर्णी ड्रम कलेक्टर
- फेस मास्क हेतु 100% कॉटन इंजीनियर्ड फैब्रिक संरचना का विकास
- पुन:उपयोग में लायेजाने वाले श्वसनक्षम और रोगाणुरोधी सूती फेस मास्क
- कपास डंठल ब्रिकेट पर आधारित ऊर्जा-कुशल कम लागत वाला दाहगृह
- प्राकृतिक रंगीन कपास से बने सूती वस्त्रों की ट्रेसेबिलिटी के लिये मार्कर फाइबर

प्रौद्योगिकी प्रभाव मूल्यांकन:

- भाकृअनुप-सिरकॉट नैनोसेल्यूलोस का पर्यावरणीय प्रभाव
- सिरकॉट बजाज प्री-क्लिनर के प्रभाव का आकलन करने के लिए आर्थिक दृष्टिकोण

प्रकाशन:

- सहकर्मी समीक्षित पत्रिकाओं में 49 शोध पत्र, 19 सम्मेलन लेख, 4 प्रशिक्षण नियमावली, 11 पुस्तक अध्याय और 10 लोकप्रिय लेख

कौशल विकास पहल

- स्व-प्रायोजित 8 विशेष प्रशिक्षण और 16 किसान प्रशिक्षण (ऑनलाइन) सहित 28 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिससे 1071 प्रतिभागियों को लाभ हुआ।
- वर्ष के दौरान प्रशिक्षण से ₹17.56 लाख राजस्व अर्जन किया।

प्रौद्योगिकी प्रबंधन और सार्वजनिकीकरण

- इस अवधि के दौरान सत्रह (17) परामर्शी परियोजनाएं कार्यान्वित की गईं। अनुसंधान सहयोग और प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण के लिए आठ (8) समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए और कृषि व्यवसाय सृजनन हेतु ग्यारह (11) स्टार्ट-अप के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।
- प्रदर्शनी (1) व उद्योग-इंटरफ़ेस मीट में (2) सह-भागिता के साथ संस्थान के वैज्ञानिकों ने हितधारकों के बीच संस्थान की प्रौद्योगिकियों को लोकप्रिय बनाने के लिए विभिन्न बैठकों, सेमिनारों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों में भाग लिया।

- महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र के नागपुर जिले के 12 नए गांवों में मेरा गांव मेरा गौरव (एमजीएमजी) गतिविधियों का आयोजन किया गया जहां वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों ने कृषि आय बढ़ाने के लिए किसान अनुकूल प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया। 2021 में, संस्थान ने 1 कार्यशाला, 4 वेबिनार, 8 गाँवों का दौरा, प्रदर्शन और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें लगभग 530 किसानों ने भाग लिया।

- डीडी सह्याद्री पर तीन टेलीविजन वार्ताएं और आकाशवाणी की अस्मिता वाहिनी, मुंबई पर संस्थान के वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारी द्वारा चार रेडियो वार्ताएं दी।

प्रत्यायन

- भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 9001:2015 मान्यता प्राप्त।
- आईएसओ/आईसी 17025:2017 के तहत रेशा, सूत और फैब्रिक के यांत्रिक और रासायनिक परीक्षण के लिए एनएबीएल प्रत्यायन प्राप्त हुआ।

व्यावसायिक सेवाएं

- भाकृअनुप-सिरकॉट का इंडियन क्लियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा स्वीकृत एसेयर के रूप में संबंध जारी है।

- वर्ष के दौरान, मुंबई मुख्यालय, जीटीसी नागपुर और अन्य क्षेत्रीय इकाइयों में कुल 33,813 नमूनों का परीक्षण किया गया, इन वाणिज्यिक परीक्षणों के माध्यम से कुल 90.83 लाख का राजस्व अर्जित हुआ।

- भाकृअनुप-सिरकॉट अंशाकित रूई (कैलिब्रेशन कॉटन); जो कपड़ा परीक्षण उपकरणों का अंशशोधन करने के लिए युएसडीए मानक का एक स्वीकृत आयात विकल्प है, के वर्ष 2021 के दौरान 179 कंटेनर बेचे गए जिससे ₹1,69,155/- का राजस्व अर्जित किया।

- वर्ष के दौरान संस्थान के कृषिव्यवसाय सृजनन (एबीआई) केंद्र के दो इनक्यूबेटियों का इन्क्यूबेशन पूरा हुआ और पांच नए इनक्यूबेटियों को; 'पैकेजिंग हेतु स्टार्च आधारित फिल्म का विकास', 'धान की पुआल आधारित कण बोर्डों का विकास' और 'कृषि बायोमास (केला तना रेशा, चावल का भुसा, खोई) का उपयोग कर जैवनिम्नीय उत्पाद' तकनीकों में नए उद्यमों के विकास हेतु पंजीकृत किया गया।

- संस्थान मे स्थित कृषि सहकारिता और किसान कल्याण विभाग के तहत रफ़्तार-कृषि व्यवसाय सृजनन / केंद्र के द्वारा वर्ष के दौरान प्रथम कोहॉर्ट के पांच (5) प्री-सीड स्टेज और दस (10) सीड स्टेज एग्री स्टार्टअप्स को अनुदान सहायता के अलावा दूसरे कोहॉर्ट के बारह (12) एग्री स्टार्ट-अप्स को और तीसरे कोहोर्ट के दस (10) एग्री स्टार्टअप्स को उद्भवन सुविधाएं दी गई।

वित्तीय प्रबंधन

- संस्थान के सभी लेनदेन 100% डिजिटल और कैशलेस हैं।
- संस्थान ने 2020-21 के दौरान स्वीकृत बजट आबंटन का पूर्ण उपयोग (100%) और 2021-22 के दौरान (31 दिसंबर 2021 तक) 76.84% उपयोग सुनिश्चित किया।
- वर्ष 2021 के दौरान ₹ 320.34 लाख का राजस्व अर्जित किया।

अन्य गतिविधियां

स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम के तहत विभिन्न जन अभियानों को कार्यांवित कर जनता में जागरूकता फैलाने के भरसक प्रयास किये।

संस्थान ने आज़ादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में विविध जनजागृति अभियान चलाए व विश्व कपास दिवस, विश्व मृदा दिवस, विश्व खाद्य दिवस, विश्व जल दिवस, महिला किसान दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, राष्ट्रीय हथकरघा दिवस, गाजरघास जागरूकता सप्ताह, राष्ट्रीय एकता दिवस, सतर्कता जागरूकता सप्ताह आदि का जोशपूर्वक आयोजन किया।

1. परिचय

भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान ने अपने गौरवशाली अस्तित्व के 97 वर्ष पूरे किये है। 03 दिसंबर, 1924 को तत्कालीन भारतीय केंद्रीय कपास समिति (आईसीसीसी) के तहत तकनीकी प्रयोगशाला के रूप में शुरू किये गये इस संस्थान द्वारा कपास और संबद्ध क्षेत्र के हितधारकों की समय-समय पर उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।

उत्पत्ति	
1924	तकनीकी प्रयोगशाला (आईसीसीसी)
1966	कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (आईसीएआर)
1991	केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सिरकॉट)

(भा.कृ.अनु.प.) के कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अंतर्गत कार्यरत भा.कृ.अनु.प.- सिरकॉट केन्द्रीय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रधान संस्थानों में से है। संस्थान का मुख्यालय मुंबई में स्थित है।

संस्थान का कार्य निम्नलिखित विज़न, मिशन व अधिदेशों के अंतर्गत होता है;

विजन

'कपास प्रौद्योगिकी में वैश्विक उत्कृष्टता'

मिशन

वैज्ञानिक और प्रबंधन हस्तक्षेप द्वारा कपास के चुनाई उपरांत प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और इसके उप-उत्पादों के उपयोग द्वारा अधिकाधिक आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक लाभों की प्राप्ति

अधिदेश

- कपास और उसके कृषि अवशेषों के प्रसंस्करण पर बुनियादी और सामरिक अनुसंधान, मूल्य वर्धित उत्पादों का विकास और गुणवत्ता मूल्यांकन
- कौशल विकास और व्यापार उद्भवन सेवाएं और कपास रेफरल प्रयोगशाला के रूप में सेवा-सुविधा

संस्थान के चार अनुसंधान विभाग हैं, अर्थात्,

- यांत्रिक प्रसंस्करण विभाग (यां.प्र.वि.)
- गुणवत्ता मूल्यांकन एवं सुधार विभाग (गु.मू.सु.वि.)
- रासायनिक और जैव-रासायनिक प्रक्रिया विभाग (रा.जैवरा.प्र.वि.)
- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण विभाग (प्रौ.ह.वि.)

देश के विभिन्न कपास उत्पादक प्रांतो में संस्थान के छह (6) क्षेत्रीय केंद्र कार्यरत है जैसे कि; नागपुर में ओटाई प्रशिक्षण केंद्र और कोयम्बटूर, सिरसा, सूरत, गुंटूर और धारवाड़ मे गुणवत्ता मूल्यांकन इकाइयाँ। संस्थान के अनुसंधान विभाग एवं क्षेत्रीय इकाइयाँ मिलकर कपास के चुनाई पश्च प्रसंस्करण और उसके उप-उत्पादों और बायोमास मूल्यवर्धन के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों का प्रबंधन करते हैं जैसे; अनुसंधान, कौशल विकास, प्रौद्योगिकी विकास व हस्तांतरण और व्यावसायिक सेवाएं जैसे; परीक्षण, परामर्श और उद्यमिता सृजनन व स्टार्ट-अप सहायक सेवा-सुविधाएं।

संस्थान प्रबंधन हेतु निदेशक को संस्थान के चार अनुसंधान विभाग प्रमुखों, प्रशासन और वित्त और लेखा अधिकारियों द्वारा सहयोग मिलता है तथा प्राथमिकीकरण, निगरानी और मूल्यांकन (पीएमई) कक्ष निदेशक को विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं का आकलन करने एवं परिषद मुख्यालय के साथ सूचना संपर्क गतिविधियों में सहायता करता है।

संस्थान की अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी) अनुसंधान योजनाओं को सुगमित करने में निदेशक को मार्गदर्शन प्रदान करती है। संस्थान के अनुसंधान कार्यक्रम निम्नलिखित पाँच मुख्य क्षेत्रों के अंतर्गत जारी किये जाते हैं;

I. पूर्व-ओटाई एवं ओटाई
II. यांत्रिकी प्रसंस्करण, तकनीकी कपड़ा और कंपोजिट्स
III. अभिलक्षणन-कपास व अन्य प्राकृतिक रेशे, सूत एवं कपड़ा
IV. रासायनिक और जैव-रासायनिक प्रसंस्करण, जैवभार और उप-उत्पाद उपयोगिता
V. व्यापार उद्भवन, उद्यमिता एवं मानव संसाधन विकास

कपास चुनाई-पश्च प्रसंस्करण एवं उप-उत्पाद मूल्यवर्धन क्षेत्र में गत साढ़े नौ दशकों से संस्थान द्वारा किया जा रहा योगदान महत्त्वपूर्ण है। भा.कृ.अनु.प.-के.क.प्रौ.अनु. संस्थान पूरे विश्व में कपास पर समग्र शोध कार्य करनेवाला अपनी तरह का एकमात्र संस्थान है। संस्थान ने कपास (टीएमसी) प्रौद्योगिकी मिशन के तहत राष्ट्रीय स्तर पर ओटाई उद्योग के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

संस्थान द्वारा ओटाई औद्योगीकरण में दिये गये महत्वपूर्ण योगदान के फलस्वरुप राष्ट्र आज ओटाई प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर है और ओटाई मशीनरी का अव्वल निर्यातकर्ता भी है। अफ्रो-एशियाई देशों को निर्यात की जा रही ओटाई मशीनरी देश के लिये कीमती विदेशी मुद्रा अर्जन कर रही है।

भा.कृ.अनु.प.-के.क.प्रौ.अनु.संस्थान, मुंबई (संरचना)

संस्थान द्वारा वस्त्रोद्योग व अन्य उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप किस्मों के विकास में कपास रेशों के वस्तुनिष्ठ गुणवत्ता मूल्यांकन और मूल्य श्रृंखला में इसकी प्रक्रियात्मकता सुनिश्चित करके देश के कपास प्रजनन कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण कपास जीनोटाइप के विकास और परीक्षण के लिए अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) के तहत प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में संस्थान महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। परियोजना में संस्थान प्रधान अन्वेषक: गुणवत्ता अनुसंधान के रूप में भूमिका निभा रहा है। संस्थान द्वारा विकसित आईसीएआर-सिरकॉट अंशांकन कपास एचवीआई जैसे तंतु परीक्षण उपकरणों को अंशांकित करने के लिये आयात की जाने वाली यूएसडीए संदर्भ सामग्री के लिये एक उचित विकल्प है।

भाकृअनुप-सिरकॉट कपास के कटाई-पश्च प्रसंस्करण और कृषि-जैवभार के मूल्यवर्धन हेतु मशीनरी विकास के लिए अपने अनुसंधान एवं विकास प्रयासों में निजी क्षेत्र को भी सहयोग दे रहा है। संस्थान द्वारा जिन मशीनों और उत्पादों को विकसित कर के व्यवसायीकृत किया गया उनमें उल्लेखनीय हैं; ऑन-बोर्ड प्री-क्लीनर फॉर कॉटन स्ट्रीपर, यांत्रिक चुनाई से निकाले गये कपास की सफाई हेतु सॉ बैंड प्री-क्लीनर और डंठल हटाने का यंत्र, सेल्फ-ग्रूविंग रबर रोलरयुक्त डबल रोलर जिन, लघु कताई प्रणाली और ग्राम स्तर पर स्लाइवर मेकिंग मशीन, कॉटन लिंट ओपनर, फ्लेक्सी-चेक डैम के लिए रबर कंपोजिट इत्यादि। कपास रेशों और जैवभार के मूल्यवर्धन हेतु कई प्रौद्योगिकियां भी संस्थान द्वारा विकसित व प्रदर्शित हुई हैं। कपास डंठल के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों में, संस्थान ने कम लागत वाला हरित दाहगृह और लगातार फीडिंग पैलेट स्टोव विकसित किया है जो क्रमशः कपास के डंठल आधारित ब्रिकेट और पॅलेट्स का उपयोग करता है और प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग के माध्यम से इनका व्यावसायीकरण भी किया गया है।

संस्थान ने कपास के विविध अनुप्रयोगों को बढ़ाने की दिशा में काम किया है और कई उत्पादों और प्रक्रियाओं को विकसित किया है जैसे; रूई-समृद्ध मिश्रित स्पोर्ट्सवेअर, तकनीकी वस्त्रों में सूती संमिश्र, विशेष रूप से चिकित्सा वस्त्र में सूती संमिश्र । संस्थान ने केले के स्यूडोस्टेम रेशों से मूल्य वर्धित उत्पादों और प्राकृतिक रूप से रंगीन कपास उत्पादों का विकास किया। संस्थान ने सूती वस्त्रों के रासायनिक प्रसंस्करण और परिष्करण विधियों को पर्यावरण-स्नेही बनाने में योगदान दिया है। इस संदर्भ में, सूती वस्त्रों के लिए प्राकृतिक रंगों के निष्कर्षण और अनुप्रयोग पर बहुत विकास कार्य किया, प्राकृतिक अर्क का उपयोग करके कपड़ा सामग्री के लिए पर्यावरण के अनुकूल मच्छर प्रतिरोधी परिष्करण, नमक मुक्त रंगाई तकनीक आदि में संस्थान ने सक्रिय रूप से कार्य किया है। संस्थान प्राकृतिक रंगों की पहचान के लिए बीआईएस और आईएसओ मानकों के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। गैर-जुगाली पशुओं के लिये गॉसीपोल-रहित बिनौला चारा बनाने हेतु, विलायक निष्कर्षण प्रक्रिया तथा सूक्ष्मजीवी प्रक्रिया विकसित की है।

संस्थान ने नैनोप्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं वस्त्र और कंपोजिट सामग्री में नैनो-अनुप्रयोगोंके लिये अग्रणी अनुसंधान कार्य किया है। सूती कपड़े में प्रतिजीवाणुक, यूवी सुरक्षात्मक, जलविरागी आदि कार्यात्मक परिष्करण हेतु नैनोमैटेरियल्स संस्थान द्वारा विकसित किये गये। संस्थान द्वारा विकसित रसो-यांत्रिकी प्रक्रिया के माध्यम में नैनोसेल्युलोस निर्माण पर आधारित एशिया का अपनी तरह का पहला नैनोसेल्युलोस पाइलट प्लांट 2015 में स्थापित किया। सीमेंट कंक्रीट, रबड़ कम्पोजिट, कागज़ लुगदी और पेंट फॉर्मूलेशन आदि में कार्यात्मकता बढ़ाने हेतु नैनोसेल्युलोस के अनुप्रयोग किये। रूई और प्राकृतिक रेशायु लुगदी के मिश्रण से सुरक्षा ग्रेड पेपर का विकास भी संस्थान द्वारा प्रदर्शित किया। उर्वरक में नैनो अनुप्रयोगों हेतु संस्थान ने मेसर्स राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फ़र्टिलाइज़र्स (आरसीएफ) लिमिटेड, मुंबई के साथ नैनो-जिंक ऑक्साइड उत्पादन प्रौद्योगिकी व्यवसायीकरण किया गया। संस्थान द्वारा बनाये गये नैनो सल्फर को विभिन्न फसलों में उर्वरक के रूप में उपयोग करने पर भी कार्य जारी है।

2015 में शुरू किए गए प्राकृतिक रेशे पर कंसोर्टिया रिसर्च प्लेटफॉर्म (सीआरपी) : प्राकृतिक रेशे परियोजना को लागू करने के लिए भाकृअनुप – सिरकॉट अग्र संस्थान और नोडल केंद्र के रुप में कार्य कर रहा है। इसके उद्देश्य हैं;

- उच्च प्रौद्योगिकियों के माध्यम से उपलब्ध प्राकृतिक रेशें और उनके उप-उत्पादों का उपयोग करके भारत के तंतु क्षेत्र के विकास को बढ़ावा दे और समग्र रूप से कृषि आय में वृद्धि लाना
- नए रेशेदार सामग्री की पहचान कर उनका विलगीकरण करके मूल्यवर्धन करना और उनके मूल्य श्रृंखला के सभी हितधारकों की आमदनी में वृद्धि लाना

संस्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभिनव अनुकूलित कौशल विकास कार्यक्रम कर रहा है। संस्थान फसल कटाई पश्च प्रसंस्करण और कपास उप-उत्पाद मूल्यवर्धन, उत्पादन में बढ़ोतरी और ग्रामीण स्तर पर प्रसंस्करण के माध्यम से कृषि आय में वृद्धि पर किसानों को प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रदान करता है। चालू वर्ष के दौरान, नागपुर स्थित जिनिंग प्रशिक्षण केंद्र ने अक्टूबर 2021 में 16 वर्गों में एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त महाराष्ट्र कृषि व्यवसाय और ग्रामीण परिवर्तन (स्मार्ट) आजीविका परियोजना के तहत एफपीओ से जुड़े लगभग 900 किसानों, कृषि अधिकारियों और अन्य हितधारकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

अफ्रीकी देशों में कपास क्षेत्र में कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षणों द्वारा संस्थान ने अपना कार्य जारी रखा है। अफ्रीकी देशों के लिए कपास तकनीकी सहायता कार्यक्रम (कॉटन टीएपी) के तहत संस्थान ने सात अफ्रीकी देशों अर्थात बेनिन, बुर्किना फासो, चाड, माली, मलावी, नाइजीरिया और युगांडा में हितधारकों में क्षमता निर्माण में योगदान दिया है। संस्थान की मदद से बोहिकॉन, बेनिन में चुनाई-पश्च प्रौद्योगिकी और ओटाई तकनीकी ज्ञानप्राप्ती हेतु एक क्षेत्रीय नॉलेज क्लस्टर सह प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना हुई है। इंडो-अफ्रीकन मंच शिखर सम्मेलन के तहत लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अफ्रीकी हितधारकों में कौशल निर्माण किया गया है। संस्थान ने व्यापार और विकास हेतु संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यु.एन.सी.टी.ए.डी.), जिनेवा के साथ मिलकर संयुक्त राष्ट्र विकास लेखा परियोजना 1617 के अंतर्गत "पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका क्षेत्र में कपास उप-उत्पादों पर आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने" में जाम्बिया, ज़िम्बाब्वे, तंजानिया और युगांडा देशों को सहायता प्रदान की है।

संस्थान का कृषि-व्यवसाय सृजनन केंद्र (ए.बी.आइ.) कटाई-उपरांत प्रसंस्करण और कपास व उसके उप-उत्पाद एवं अन्य प्राकृतिक रेशों के जैवभार मूल्यवर्धन पर आधारित नए उद्यमों को प्रोत्साहन देकर भारत सरकार के स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम के तहत सृजनन सेवा प्रदान करता है।

सिरकॉट-रफ्तार-एबीआइ, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना - संस्थान में कृषि और संबद्ध क्षेत्र कायाकल्प के लिए लाभकारी दृष्टिकोण (आरकेवीवाइ-रफ्तार) के अंतर्गत कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2019 से समर्थित एवं वित्तपोषित एग्री बिजिनेस इन्क्यूबेटर है। यह इनक्यूबेटर, रफ्तार प्रणाली द्वारा चयनित कृषि उद्यमियों को उत्पाद विकास, व्यावसायीकरण और व्यापार अप-स्केलिंग में तकनीकी मार्गदर्शन व अनुदान सहायता दिलाने का कार्य करता है।

केन्द्र सरकार संचलित किसानों की आय दोगुनी करने के अभियान से जुडकर संस्थान द्वारा कई अभिनव परियोजनाएं प्रचलित की गई जैसे; कपास डंठल से खाद, डंठल की परतों पर मशरूम की खेती और डंठलों से ब्रिकेट और पेलेट्स के रुप में शाश्वत ऊर्जा स्रोत आदि जिनके द्वारा किसानों को फसल आमदानी के साथ अतिरिक्त आय मिल सकें।

अपने आंतरिक संसाधन सृजन के माध्यम से राजस्व प्राप्ति के परिषद द्वारा दिये गये लक्ष्य को पूरा करने में संस्थान का ट्रेक रिकॉर्ड बहुत उम्दा रहा। संस्थान ने प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण, प्रौद्योगिकी सृजनन, परामर्श और वाणिज्यिक परीक्षण सुविधाओं से अर्जित शुल्क के साथ साथ संस्थान की प्रौद्योगिकियों पर आधारित उत्पादों की बिक्री से राजस्व सृजित किया है। परिषद द्वारा आबंटित बजट का 100% विनियोग सुनिश्चित करने के लिए संस्थान हर संभव प्रयास करता है।

संस्थान की प्रयोगशालायें कपास रेशों, सूती व मिश्रित सूत और वस्त्र परीक्षण के लिए सर्वाधिक मान्यता प्राप्त हैं। संस्थान द्वारा कपास मूल्य श्रृंखला के हितधारकों को वाणिज्यिक सेवाएं प्रदान की जाती है। संस्थान में कई परीक्षण सुविधाओं को 1999 से प्रयोग-शालाओं के परीक्षण और अंशांकन के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा मान्यता प्राप्त है (आईएसओ 17025:2017)। संस्थान गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली हेतु भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आईएसओ 9001: 2015 प्रमाणित है।

संस्थान की कार्मिक स्थिति (31-12-2021 तक) तालिका 1.1 में दर्शाई गयी है।

तालिका 1.1 कार्मिक स्थिति (31-12-2021 तक)

श्रेणी	स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद
वैज्ञानिक	48 +1	31	17 +1
तकनीकी	112	63	49
प्रशासनिक	37	26	11
कुशल सहायक कर्मचारी	57	25	32
कुल	**254**	**145**	**109 +1**

तालिका 1.2 वर्ष 2020-21 का आय और व्यय विवरण **₹ लाख में**

व्यय : शीर्ष		भा.कृ.अनु.प. – कें.क.प्रौ.अनु.सं. (अनुसूचित जाति उप-योजना सहित)			सीआरपी: प्राकृतिक रेशे		
		प्राप्त निधि	वास्तविकव्यय	प्रतिशत में	प्राप्त निधि	वास्तविकव्यय	प्रतिशत में
अनुदान सहायता -पूंजी		75.00	75.00	100%	2.00	2.00	100%
अनुदान सहायता -वेतन		1865.86	1865.86	100%	--	--	--
सहायता अनुदान-सामान्य	390.61	390.61	390.61	100%	--	--	--
	570.00	570.00	570.00	100%	40.00	40.00	100%
कुल		**2901.47**	**2901.47**	**100%**	**42.00**	**42.00**	**100%**

तालिका 1.3 वर्ष 2021 के लिये आय और व्यय विवरण **₹ लाख में**

व्यय : शीर्ष		भा.कृ.अनु.प. – कें.क.प्रौ.अनु.सं. (अनुसूचित जाति उप-योजना सहित)		सीआरपी: प्राकृतिक रेशे	
		प्राप्त निधि (2021-22)	वास्तविक व्यय (अप्रेल –दिसंबर 2021)	आबंटित निधि (2021-22)	वास्तविक व्यय (अप्रेल –दिसंबर 2021)
अनुदान सहायता -पूंजी		129.63	1.77	10.67	0.00
अनुदान सहायता -वेतन		1887.10	1566.73	--	--
सहायता अनुदान-सामान्य	पेंशन केवल	259.00	222.73	--	--
	पेंशन के अलावा	518.13	368.08	43.68	29.35
कुल		**2793.86**	**2159.31**	**54.35**	**29.35**
जारी की गई धनराशि		**2427.58**		**46.70**	

अर्जित राजस्व (₹ लाख में)



	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	अप्रैल-दिसंबर 2021
परिक्षण	106	81	122	279	91
प्रशिक्षण	25	32	21	18	5
परामर्श सेवाएं	5	30	26	7	7
अन्य	24	33	14	27	112
कुल	160	176	182	332	214

2. प्रमुख शोध उपलब्धियाँ

2.1 कोर क्षेत्र -1: ओटाई-पूर्व और ओटाई

2.1.1 कावड़ी कपास ओपनर

कपास की ओटाई में पूर्व सफाई प्रणालियों में उपयोगी लिंट की पुनः प्राप्ति के लिए अलग की गई कावड़ी कपास, अपरिपक्व और संक्रमित बीज कपास के प्रसंस्करण के लिए बीज कपास ओपनर मशीन डिजाइन एवं विकसित किया गया है।

द्विबेलन ओटाई मशीन पर कावड़ी कपास ओटाई योग्य नहीं है क्योंकि इसके संकुलित रेशे डी.आर. ओटाई बेलनों की पकड़ में नहीं आते। भारतीय ओटाई मिलों में लगभग 5% यानि प्रतिवर्ष 10 लाख टन बीज कपास, कावड़ी कपास के रुप में अलग किया जाता है। इसमें से लगभग 40% यानि 4-8 लाख टन बीज कपास से उपयोग योग्य लिंट प्राप्त किया जा सकता है तथा कावड़ी कपास के कारण ओटाई मिलों को होनेवाले नुकसान को कम किया जा सकता है।

कपास डोडा ओपनर मशीन में परिवर्तन करके उसे कावड़ी कपास को खोल इसमें से कपास के रेशे निकालने के लिए उपयोगी बनाया गया। कावड़ी कपास को हवा के दबाब से खोला जाता है। विभिन्न आकारों के छेदवाली छलनी के माध्यम से धूल, पत्तियों और अपरिपक्व बीजो को मशीन द्वारा नीचे अलग-अलग संग्रहित करने के कारण छंटाई के लिए मानव श्रम शक्ति की जरुरत कम हो सकती है। साफ खुली कपास विसर्जक छोर पर प्राप्त की जाती है। यह प्रक्रिया रेशों को नुकसान पहुँचायें बगैर उपयोगी रुई को प्राप्त करती है।

विकसित मशीन का आकार 3.5 x 1.5 x 1 मी., वजन 500 किलो और 5 एच पी की कुल शक्ति है। कावडी ऑपनर मशीन में लगभग 25% की लिंट प्राप्ति के साथ 6-8 कि./घं. कावड़ी कपास को संसाधित करने की क्षमता है।

2.1.2 पोर्टेबल कपास जिनिंग मशीन के लिए डिजिटल जिनिंग प्रतिशत संकेतक (डीजीपीआई) का विकास और मूल्यांकन

डिजिटल जिनिंग प्रतिशत संकेतक (डीजीपीआई), पोर्टेबल कपास जिनिंग मशीन के लिए एक अनुलग्नक के रुप में वास्तविक समय और सटीक जिनिंग प्रतिशत (जी पी) निर्धारण के लिए इलेक्ट्रोमॅकनिकल सिंध्दांत पर विकसित किया गया। डी जी पी आई के प्रमुख घटक वजन रिकॉडिंग प्रणाली, जीओसी - पीएलसी सेटअप, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले यूनिट और पोर्टेबल कपास जिन के साथ एकीकरण के लिए सहायक उपकरण है। वजन रिकॉर्डिंग प्रणाली में कपास,बिनौला और रुई के वजन के लिए वजन ट्रांसमीटर के साथ तीन लोड सेल्स् होते हैं। ग्राफिक ऑपरेशन कंट्रोलर (जीओसी)पीएलसी सेटअप में जीओसी-35-डी आई/डी ओ, ईथरनेट मॉडय्यूल और आएस 485 मॉडयूल होते हैं। जीओसी-35 पीएलसी में अंर्तनिर्मित एमएमआई दिया गया है और सभी लोड सेल पीसीसी – एचएमआई पैनल से जुड़े हैं। रिकॉर्ड किए गए वजन से जीपी निर्धारित करने के लिए एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम विकसित किया गया है। लोड सेल संचरण इकाई के माध्यम से वजन की जानकारी को पीएलसी में स्थानांतरित करते हैं।

चित्र 2.1 इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले यूनिट के साथ जीओसी - पीएलसी सेटअप

डीजीपीआई के साथ पोर्टेबल कपास जिनिंग मशीन के प्रदर्शन का मूल्यांकन इसकी कार्यक्षमता, जिनिंग प्रतिशत, जिनिंग उत्पादकता और फाइबर गुणवत्ता के संदर्भ में किया गया। किसानों से खरीदे गए कपास की विभिन्न किस्मों के 1 किलो कपास के 40 नमूनों का परीक्षण करके डीजीपीआई की जाँच की गई । पोर्टेबल जिन पर डीजीपीआई के परीक्षण के लिए मानक प्रोटोकॉल स्थापित किया गया। डीजीपीआई ने जिनिंग के दौरान वास्तविक समय पर डिजिटल रुप से सटीक जिनिंग प्रतिशत दर्शाया। परिणामों की तुलना पोर्टेबल जिन के द्वारा जीपी निर्धारित करने की पारंपरिक पध्दति से की गई। डीजीपीआई के इस्तेमाल से कपास नमूने जाँचने की क्षमता 15 से 20% से बढ़ गई। डीजीपीआई; पोर्टेबल जिनिंग मशीन के बढ़ते उपयोग में सहायता करेगा, जिनिंग उद्योगों और कपास मंडी में कपास के जिनिंग प्रतिशत आधारित व्यापार में तेजी लाएगा और किसानों को 34% जीपी से ज्यादा जीपी के कपास के लिए प्रीमियम दरों के साथ सशक्त करेगा क्योंकि प्रति एक प्रतिशत जी पी की वृध्दि से किसानों और जिनर्स को प्रति क्विंटल 200 रु. का फायदा हो सकता है ।

चित्र 2.2 डीजीपीआई के साथ पोर्टेबल कपास जिनिंग मशीन

2.1.3 कपास संदूषण क्लीनर का प्रदर्शन मूल्यांकन और भारतीय जिनिंग उद्योग में अपनाने के लिए उपयुक्तता का आकलन

भारतीय कपास की गांठों में कचरे का वर्तमान स्तर 1 से 5% के बीच है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय मानक 1% से कम है । कचरा और संदूषण का उच्च प्रमाण भारतीय कपास को अन्य देशों में उगाए जाने वाले कपास की तुलना में कम आकर्षक बनाते है और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कम कीमतों पर बेचने के लिए मजबूर करता है जिनिंग पूर्व और बाद के क्लीनर के उपयोग के बावजूद, समग्र रुप से जिनिंग उद्योग की कचरा और संदूषण हटाने की दक्षता संदिग्ध है। जिनिंग पूर्व और बाद के क्लीनर कचरे को 1 से 1.5% तक मुश्किल से कम कर सकते हैं। यह भारतीय जिनिंग उदयोग में संदूषण और कचरे को नियंत्रित करने के लिए नए दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल देता है । दुनिया भर में संदूषण और कचरा मुक्त कपास के उत्पादन के लिए कपास संदूषण क्लीनर का उपयोग जिनिंग उदयोग में संदूषणों को हटाने के लिए किया जा रहा है। इसलिए कपास संदूषण क्लीनर की भारतीय जिनिंग उद्योग में अपनाने के लिये उपयुक्ता की जाँच की गई ।

भारतीय जिनिंग उद्योग में संदूषण और कचरा नियंत्रण के लिए कपास संदूषण क्लीनर के मूल्यांकन के लिये एक व्यवसायिक मशीन का उपयोग किया गया। कपास संदूषण क्लीनर की डिझाइन विशेषताएं, संचालन का सिध्दांत और विशेषताओं का स्वदेशी कपास सफाई यंत्र के तुलना में अध्ययन किया गया। कपास संदूषण क्लीनर में कई सफाई खंड होते हैं जैसे फॉरेन मॅटर ट्विनिंग सेक्शन, लीफ क्लीनिंग सेक्शन, सेपरेटिंग सेक्शन, फॉरेन मॅटर सेपरेशन सेक्शन। कपास संदूषण क्लीनर को कपास से अशुध्दियों को साफ करने के लिए डिजाइन किया गया है जैसे कि प्लास्टिक पलवार, पंख, कपडे के टुकडे, कपास के पत्ते, अपरिपक्व बीज, धूल आदि जो स्वदेशी कपास पूर्व सफाई मशीन से करना संभव नहीं है। इसका उपयोग हाथ से चुनाई किए गए और मशीन से चुनाई किए गए कपास, दोनों के लिए किया जा सकता है। मशीन उत्पादक के अनुसार मशीन की क्षमता 15 टन कपास प्रति घंटा और कचरा और अवशेष फिल्म हटाने की दर $\geq$80% है ।

चित्र 2.3 कपास संदूषण क्लीनर

कपास संदूषण क्लीनर का मूल्यांकन करने एवं उपयुक्तता जाँचने के लिए इसे एक आधुनिक जिनिंग उद्योग में स्थापित किया गया। जहाँ कपास संदूषण क्लीनर के साथ और इसके बिना सफाई परीक्षण किये गये। संदूषण हटाने की क्षमता 42% देखी गई जो वांछित से कम पाई गई और रेशों की गुणवत्ता में भी गिरावट देखी गई। लंबे संदूषक जैसे नायलॉन पट्टी, धागे, कपड़े के टुकड़े आदि ट्विनिंग सेक्शन में अलग हो गए। कॉटन लीफ सेक्शन में कपास की पत्ती और 3-4 मिमी तक के छोटे आकार के बाहरी कणों को हटा दिया गया। प्लास्टिक के रैपर, छोटे आकार के धागे और नायलॉन पट्टी जैसे संदूषकों को हटाया नहीं जा सका। कपास के ड़ोड़ो की अत्यधिक एकल अवरोधन तथा कपास की बाती बनती देखी गई। कचरा पेटी में अच्छी गुणवत्ता वाला कपास भी पाया गया।

चित्र 2.4 जिनिंग उद्योग में स्थापित कपास संदूषण क्लीनर

संदूषण हटाने की दक्षता में सुधार करने और बाती के गठन से बचने के लिए,कपास संदूषण क्लीनर के विभिन्न सफाई वर्गों में संशोधन किए गए। हवा के दबाव को समायोजित करने के लिए सक्शन और ब्लोअर पंखों में परिवर्तन किए गए। पुन:डिजाइन करके टिवनिंग सेक्शन के रोलर्स में सुधार किया। स्पाइक्स की लंबाई 50 मिमी से बढ़ाकर 75 मिमी और स्पाइक पैटर्न को टेढे-मेढे पैटर्न से सीधे पॅटर्न में बदल दिया गया। ट्विनिंग सेक्शन और लीफ क्लीनर सेक्शन में सुधार किए गए ताकि 6 पोल के स्थान पर 8 पोल इलेक्ट्रिक मोटर को बदलकर मौजूदा 473 आरपीएम से रोलर स्पीड को 350 आरपीएम तक कम किया जा सके।

संशोधनों के बाद सफाई परीक्षण किए गए, लेकिन संदूषण और कचरा हटाने की दक्षता में कोई सुधार नहीं देखा गया। इसके अलावा कपास संदूषण क्लीनर के संचालन के लिए और इसके साथ कपास हॅडलिंग प्रणालियों को चलाने के लिए अतिरिक्त 250 एच पी पावर की जरुरत पड़ी। परीक्षण मूल्यांकन के बाद यह पता चला कि संदूषण हटाने की दक्षता वांछित दक्षता से काफी कम है। इस कारण से कपास संदूषण क्लीनर कपास से संदूषण हटाने के लिए अनुपयुक्त पाया गया। परिणामों को देखते हुए कपास संदूषण क्लीनर की भारत में जिनिंग उदयोगों में अपनाने के लिए सिफारिश नहीं की गई।

2.1.4 कपास ओटाई प्रतिशत मापक उपकरण का विकास

वर्तमान में खरीदार कपास को यह मानकर खरीद रहे हैं कि इसमें 33% लिंट अर्थात रुई की मात्रा होती है। यद्यपि किसानों द्वारा 42% तक रुई की मात्रा वाली कपास की खेती की जा रही है, लेकिन कपास की अधिक उपज के कारण आनुपातिक लाभ किसानों को नहीं मिलता। इस परियोजना का उद्देश्य कपास ओटाई प्रतिशत मापने के लिए एक पोर्टेबल उपकरण का विकास करना है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये एक ऐसे आंकडाकोश (डेटाबेस) के निर्माण की आवश्यकता है जिसमें कपास के ओटाई प्रतिशत से संबध्द गुणों की जानकारी हो। आंकडाकोश बनाने के लिए अधिकतम किस्मों को एकत्र करने के लिए अ.भा.स.अनु.प. कपास, कोयंबटूर के सभी समन्वय केंद्रों से अलग-अलग ओटाई प्रतिशत के कपास की आपूर्ति के लिए अनुरोध किया गया और समीक्षाधीन अवधि तक कुल 41 कपास के नमूने प्राप्त हुए थे।

इस परियोजना में व्यापारिक कपास की किस्मों के ओटाई

प्रतिशत पर नमी की मात्रा के प्रभाव का अध्ययन करने के लिये एक प्रयोग किया जा रहा है। इस दौरान, साम्यावस्था नमी की मात्रा (ई.एम.सी.) को प्राप्त करने के लिए तीन अलग-अलग सापेक्ष आर्द्रता (33, 50 और 80%) के घोल विभिन्न रसायनों का प्रयोग करके शुष्कित्रों (डेसीकेटरों) में बनाये गये। परीक्षण के लिए तीन व्यापारिक किस्मों डीसीएच-32 (अधिक लंबा रेशा), बनी (लंबा रेशा) और जे-34 (मध्यम लंबा रेशा) के कपास का प्रयोग किया गया जिसमें क्रमशः 12.42%, 11.72% और 10.16% प्रारंभिक नमी की मात्रा (आय.एम.सी.) आंकी गयी। इसके अतिरिक्त डीसीएच-32, बनी और J-34 किस्मों में रुई और बीज की प्रारंभिक नमी क्रमशः 11.73% और 13.76%, 11.72% और 10.86%, और 5.22% और 11.91% थी।

प्रारंभिक परिणामों से यह पता चला कि बीज में अधिकतम नमी होती है, उसके बाद बीज कपास और न्यूनतम रुई मे होती है।

2.1.5 परियोजना का शीर्षक : डबल रोलर जिन के प्रदर्शन में वृद्धि करने हेतु क्रोम लेदर रोलर के ग्रूव प्रोफाइल और व्यास का अनुकूलन

डबल रोलर जिन के प्रदर्शन पर क्रोम लेदर रोलर के ग्रूव प्रोफाइल के प्रभाव का अध्ययन करना यह इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है। राशी-659 (BGII) किस्म की 29 क्विंटल कपास पर विभिन्न ग्रूव प्रोफाइल का उपयोग करते हुए ओटाई के प्रयोग किये गए। प्रतिवेदन अवधि के दौरान निम्नलिखित गतिविधियाँ पूरी की गयी;

1. क्रोम लेदर रोलर के ग्रूव प्रोफाइल का रुपांतरण एवं रचना

प्रयोगात्मक डिजाइन के अनुसार, क्रोम लेदर रोलर के ग्रूव प्रोफाइल मे उचित रुपांतरण एवं रचना की गई। प्रयोग की आवश्यकता के अनुसार, नागपुर स्थित बजाज स्टील इंडस्ट्री के कार्यशाला मे रोलर का व्यास (130-170 mm) और ग्रूव की संख्या (12-22) परिवर्तित की गई (चित्र 1)।

चित्र 2.5 क्रोम लेदर रोलर के ग्रूव प्रोफाइल का रूपांतरण

2. कपास की जिनिंग प्रतिशत और नमी की मात्रा का निर्धारण एवं ओटाई परीक्षण

प्रयोगात्मक जिनिंग मशीन द्वारा, खरीदे गए कपास का दस प्रतिकृति मे जिनिंग प्रतिशत निकाला गया। नमी मीटर का उपयोग करके, कपास मे उपलब्ध नमी की मात्रा का आकलन भी किया गया। अध्ययन में प्रयुक्त प्रायोगिक कपास मे औसतन 35 % जिनिंग प्रतिशत एवं 7 % नमी की मात्रा पाई गई। क्रोम रोलर का 130-170 mm व्यास एवं 12-22 ग्रूव की संख्या मे नियोजित संयोजन रखते हुए, सारे जिनिंग प्रयोग किये गए (चित्र 2)।

चित्र 2.6 जिनिंग के प्रयोग

जिनिंग के 32 प्रयोगो मे रुई का उत्पादन 46 किलो/घंटा से 78 किलो/घंटा देखा गया । सबसे कम उत्पादन 14 ग्रूव के 160 व्यास वाले रोलर से तथा सबसे ज्यादा उत्पादन 22 ग्रूव के 170 व्यास वाले रोलर से पाया गया। प्राप्त परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि रुई का उत्पादन रोलर के व्यास एवं ग्रूव की संख्या पर निर्भर करता है। बढे हुए रोलर के व्यास एवं ग्रूव की संख्या के साथ रुई का उत्पादन भी बढ़ता है । हालाँकि, रोलर पर ज्यादा से ज्यादा ग्रूव (20 या 22) के होने की वजह से कपास के बीज कटना, रेशे की लंबाई इत्यादि मानकों मे रुई की गुणवत्ता के परिणाम पर अध्ययन जारी है ।

2.1.6 बीजयुक्त कपास कचरा विश्लेषक का विकास एवं इष्टतमीकरण

कपास की गुणवत्ता आधारित विपणन प्रणाली के साथ-साथ, कपास में कचरे के प्रमाण को मापने में सक्षम वाणिज्यिक उपकरणों की आवश्यकता भी है । वर्तमान में दृश्य निरीक्षण के आधार पर भारत में कपास का विपणन जारी है। रुई में कचरे का प्रमाण शर्ली सिद्धांत पर आधारित कचरा विश्लेषक (ट्रैश एनालाइज़र) द्वारा निर्धारित किया जाता है, जिसके लिए सिरकॉट कचरा परीक्षण मानक के अनुसार, रुई में कचरे का परीक्षण करने के लिए लगभग 35-40 मिनट की अवधि की आवश्यकता होती है। एक कुशल ऑपरेटर शर्ली कचरा विश्लेषक का उपयोग करके एक दिन में मुश्किल से 12-15 नमूनों का परीक्षण कर सकता है। इसके अलावा, शर्ली विश्लेषक द्वारा कपास में कचरे के प्रमाण को मापने के लिए, कचरा विश्लेषण करने से पहले कपास की ओटाई करनी पड़ती है । यूएसडीए-एआरएस (USDA-ARS) कपास ओटाई प्रयोगशालाओं में बीजयुक्त कपास की बाहरी कचरे को निर्धारित करने के लिए शेफर्ड (1972) सिद्धांत पर आधारित वायवीय प्रमाणक (न्यूमैटिक फ्रैक्शनेटर) का उपयोग किया जाता है। यह शर्ली एनालाइज़र की तुलना में रुई में बाहरी कचरे की मात्रा निर्धारित करने का एक तेज़ साधन है। फ्रैक्शनेटर द्वारा कपास के नमूने को संसाधित करने के लिए औसत 4 मिनट और शर्ली विश्लेषक के लिए 20 मिनट का समय लगता है। यह परियोजना बीजयुक्त कपास में कचरा सामग्री को मापने के लिए एक वायवीय प्रमाणक उपकरण विकसित करने के लिए शुरू की गई है। रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान, वायवीय प्रमाणक सिद्धांत पर आधारित एक कपास कचरा विश्लेषक की रचना की गयी ।

2.2 कोर क्षेत्र - II: यांत्रिक प्रसंस्करण, तकनीकी वस्त्र और कंपोजिट्स

2.2.1 बेकार कपड़ों से पुन:चक्रित रेशों की कताई की क्षमता का मूल्यांकन व सूत्रीकरण का गठन एवं मूल्य वर्धित उत्पादों का विकास

पूर्व-उपभोक्ता बेकार सूचिग्रंथित कपड़ों से प्राप्त पुन:चक्रित रेशों की कताई हेतु प्रक्रिया प्रोटोकॉल का अनुकूलन

एक उद्यम से पूर्व-उपभोक्ता बेकार पड़े सूचिग्रंथित सूती कपड़ों को एकत्रित कर के उनसे पुन:चक्रित रेशें निकाले गए। इन बेकार फ़ैब्रिक में एक रंग के रंगे हुए सिंगल जर्सी, इंटरलॉक, झालर आदि अलग-अलग फ़ैब्रिक संरचनाओं का मिश्रण था। रेशों को यांत्रिक क्रिया जैसे काटकर, कतर कर और खोल कर निकाला गया। पुन:चक्रित रेशें मुख्य रूप से खुले हुए लघु रेशें होते हैं। लिंट, ट्रैश और अस्पष्ट हानि का प्रतिशत क्रमशः 97.85%, 0.67% और 1.48% पाया गया। यूएचएमएल और एमएल क्रमशः 18.6 मिमी और 12.8 मिमी देखे गए। सेल्युलोज फाइबर का प्रतिशत 99.1% पाया गया। पुन:चक्रित और शुद्ध कपास रेशे की सतह आकारिकी का विश्लेषण इलेक्ट्रॉन माइक्रो-स्कोपिक स्कैनिंग द्वारा किया गया जो चित्र 2.7 और चित्र 2.8 में प्रस्तुत किया है। यांत्रिक क्रिया के कारण पुन:चक्रित रेशा टूटा हुआ दिखाई देता है।

चित्र 2.7 पुन:चक्रित कपास रेशा



चित्र 2.8 शुद्ध कपास रेशा

अनुकूलित कताई प्रक्रिया का उपयोग करके माइक्रोस्पिनिंग तकनीक के माध्यम से 50RF/50VC, 65RF/35VC, 80RC/20VC, 90RC/10VC और 100% VC जैसे विभिन्न मिश्रण अनुपातों में शुद्ध कपास रेशे के साथ पुन:चक्रित कपास रेशे का सम्मिश्रण कर के धागे का उत्पादन किया गया। चूंकि पुन:चक्रित कपास के रेशे कम होते हैं, इसलिए केवल 100% पुन:चक्रित रेशों की कताई करना कठिन हो गया। धागा बनने तक रोलर्स के बीच लघु रेशे के परिवहन या धारण हेतु कम से कम 10% लंबे रेशे की आवश्यकता पायी गयी।

चित्र 2.9 पुन:चक्रित रेशें

चित्र 2.10 स्लाइवर

चित्र 2.11 पुन:चक्रित रेशों से बना धागा

पुन:चक्रित धागे से नमूना (सैंपल) करघे का उपयोग करते हुए सादी संरचना वाला कपड़ा बुना गया। इसके लिये विभिन्न पुनर्चक्रित संमिश्रित धागों का बाने के रूप में उपयोग किया गया और शत प्रतिशत सूती धागे का ताने के रूप में प्रयोग किया गया। तैयार कपड़ों के प्रकार्यात्मक गुणों जैसे स्पर्श बोध, नमी प्रबंधन, ऊष्मारोधन, वायु पारगम्यता आदि के लिए परिक्षण किया गया। यह देखा गया कि पुनर्चक्रित रेशों को सामान्य रूई में मिलाने से संमिश्रित कपड़ों के स्पर्श बोध में सुधार होता है। 65 RF/35 VC से बने कपड़े का THV मान अन्य कपड़ों से बेहतर था और यह पुरुषों की कमीज (ग्रीष्म कालीन) के लिये उपयुक्त था। वहीं 90 RC/10 VC से बने कपड़ा पुरुषों की सूटिंग (शीतकालीन) के लिये अधिक उपयुक्त था।

2.2.2 कृषि अनुप्रयोगों के लिए रुई आवृत इलेक्ट्रोस्पन नैनो रेशा आधारित सूक्ष्म पोषक तत्व सेशे का विकास

इलेक्ट्रोस्पन नैनोफाइबर आधारित सूक्ष्म पोषक तत्व पाउच का विकास:

सूक्ष्म पोषक तत्व संपुटित नैनो रेशा मैर्टिक्स विकसित करने के लिए सुई युक्त विद्युत कताई मशीन का उपयोग किया गया। पी वी ए नैनो रेशों को जिंक सल्फेट सूक्ष्म पोष्क तत्व 5 और 10 भार% से भारित किया गया। प्रक्रिया के अनुकूलन के लिए नैनो रेशों की एकरुपता को मुख्य अनुक्रिया चर के रुप में माना गया । प्राप्त रेशों का व्यास 150 नैनोमीटर से 300 नैनोमीटर तक है (चित्र 2.12) । उत्पादित नियंत्रण पी वी ए, 5 भार और 10 भार% जिंक सल्फेट संसेचित इलेक्ट्रोस्पन मैट को 100% सूती बुने हुए कपड़े से ढक कर रेशे में बदल दिया गया (चित्र 2.13)



चित्र 2.12 : 10 भार % जिंक सल्फेट संसेचित पीवीए इलेक्ट्रोस्पन मैट की एसईएम छवि

चित्र 2.13 : नियंत्रण, 5 भार % और 10 भार % जिंक सल्फेट सूक्ष्म पोष्क तत्व संसेचित पी वी ए इलेक्ट्रोस्पन मैट सैशे कृषि अनुप्रयोग के लिए



चित्र 2.14: बहु-प्रभरण उच्च दाब नोजल विद्युत कताई व्यवस्था

नैनो रेशों के उत्पादन के लिए उच्च दाब नोजल इलेक्ट्रोस्पिनिंग व्यवस्था का विकास:

नैनो रेशा सम्मिश्र उत्पादन में प्रमुख बाधा सुई अवरोधन और कणों का नैनों रेशे में असमान वितरण है। इसे हल करने के लिए, उच्च दाब नोजल विद्युत कताई को परिवर्धित निर्माण क्षमता के साथ विकसित किया गया चित्र (2.14)। नैनो रेशों का उत्पादन करने के लिए 10 भार % पीवीए पॉलिमर के साथ एक पूर्व परीक्षण किया गया। प्रवाह क्षेत्र और वायु दाब के विभिन्न वितरणों का उपयोग करके प्रक्रिया मापदंडों को अनुकूलित किया गया। यह पाया गया कि नैनो रेशों को 1.5 मिली/घंटा प्रवाह दर के साथ 18 गेज सुई द्वारा 20 पीएसआइ दबाव पर उत्पादित किया जा सकता है और उत्पादित रेशों का व्यास लगभग 200-500 एनएम था (चित्र 2.15)



चित्र 2.15: उच्च दाब नोजल से बने नैनो रेशे

2.2.3 घरेलू (इनडोर) शुद्धीकरण के लिए फिल्टर कपड़े का विकास

इस परियोजना के अंतर्गत एक्टिवेटेड चारकोल के कणों को कपड़े (पॉलिएस्टर और कपास का 50:50 मिश्रण) के नमूनों पर लगाया गया। चित्र 2.16 में उल्लेखित प्रक्रम में विभिन्न चारकोल कणों की सांद्रता: 1.0, 1.5, 2.0, 2.5, 3.0, 3.5, 4.0, 4.5, 5.0%, एक्रिलिक बाइंडर: 0, 2.5, 5.0, 7.5, 10.0, 12.5, 15.0, 17.5, 20.0%, उपचार का समय: 5, 10, 15, 20, 25, 30, 35, 40 मिनट तथा एम: एल अनुपात 1:10 का प्रयोग किया गया। इस अध्ययन के द्वारा, एक्रिलिक बाइंडर, एक्टिवेटेड चारकोल के कण और निकास के समय का अनुकूलन किया गया। इस अध्ययन की सभी प्रक्रियाओं का क्रियांवयन सामान्य तापमान पर किया गया। परिणामों द्वारा यह देखा गया कि, 10% सांद्रता वाला एक्रिलिक बाइंडर, 25 मिनट का उपचार समय और 3.5% सांद्रता वाला एक्टिवेटेड चारकोल घोल लेने पर उच्चतम कार्बन एड ऑन 12.36 प्रतिशत प्राप्त हुआ।

चित्र 2.16: रेचन प्रक्रिया द्वारा कपड़े पर एक्टिवेटेड चारकोल कणों के अनुप्रयोग की विधि

निकास विधि द्वारा विभिन्न जी.एस.एम. और मोटाई के कपड़ों पर एक्टिवेटेड चारकोल कणों का अनुप्रयोग

इस प्रक्रिया के लिये विभिन्न जी.एस.एम. और मोटाई के पांच अलग-अलग कपड़े के नमूने चुने गए। रेचन विधि का उपयोग करके सभी कपड़े के नमूनों पर एक्टिवेटेड चारकोल के कणों को लगाया गया जैसा कि तालिका 4 में उल्लिखित है। यह देखा गया कि सूती कपड़ों के नमूनों में 110 जी.एस.एम. वाले नमूने में अधिकतम कार्बन एड ऑन प्रतिशत प्राप्त किया गया। इसके अलावा पॉलिएस्टर-कपास मिश्रित में, 50:50 वाले नमूने में अधिक कार्बन एड ऑन प्रतिशत प्रतिशत देखा गया।

तालिका 1: विभिन्न कपड़ों पर एक्टिवेटेड चारकोल कणों का अनुप्रयोग

कपड़ों के प्रकार	जी.एस.एम. (ग्राम/मी.^{2})	मोटाई (मि. मी)	कार्बन एड ऑन (%)
कपास	110	0.21	**6.64**
कपास	122	0.21	5.78
कपास	155	0.27	5.51
पॉलिएस्टर-कपास मिश्रण **(50:50)**	163	0.35	**12.36**
पॉलिएस्टर-कपास मिश्रण (67:33)	123	0.20	5.80

2.2.4 कट-रेसिस्टेंट कपड़े बनाने के लिए 3डी बुनाई का उपयोग

इस परियोजना का उद्देश्य 3डी/बहुपरत बुनाई तकनीक का उपयोग करके इसके लचीलेपन को बढ़ाकर बेहतर संरचनात्मक स्थिरता और प्रतिघात प्रतिरोध के साथ कट रेजिस्टेंस कपडा विकसित करना है।

कोर-स्पन सूत तैयार करना

कोर-स्पन कटाई पद्धति का उपयोग करके 1.3 लच्छी (1.3 हेंक) कपास की पतली पूनी को 420 डी नायलॉन 6, 6 पर लपेटा गया था। कोर- स्पन सूत के ऐंठन को स्थायी रूप से रखने के लिए वाष्पोपचार प्रक्रिया 20 मिनट के लिए 90-95 डिग्री सेल्सियस तापमान पर की गई थी। कोर के रूप में 0.12 मिमि व्यास की स्टील तार और कवर के रूप में कपास का उपयोग करके 4 सूतांक का कोर-स्पन सूत तैयार किया गया था।

बहुपरत बुनाई (3डी बुनाई)

बहुपरत बुनाई संरचना में शीर्ष परत पर केवलर (1000D) ताना धागे की तीन परतें, बीच में कपास/नायलॉन, और

नीचे की परत पर कपास/स्टील तार शामिल होते हैं। बाने के धागे की प्रविष्टि के लिए, केवलर और स्टील के तार का उपयोग तीन अलग-अलग संयोजनों के साथ किया गया, यानी केवलर के दो बाने और स्टील तार के दो बाने बारी-बारी से, केवलर के तीन बाने और स्टील वायर का एक बाना और केवलर के पांच बाने और एक बाना स्टील तार का। बहुपरत बुनाई को 20 प्रति इंच तानो की संख्या और 40 प्रति इंच बाने की संख्या के साथ 12 हील्ड ढांचे का उपयोग करके बनाया गया है।

2.2.5 उत्सारण (एक्सट्रूज़न) प्रक्रिया द्वारा बायो-नैनोकम्पोजिट फिल्मों का निर्माण (अंतर संस्थानिक परियोजना)

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्टार्च आधारित बायोकम्पोजिट फिल्मों में कपास लिंटर से बने सूक्ष्म (माइक्रो)/नैनो सेल्यूलोज रेशों की प्रबलन क्षमता का पता लगाना है।

लिंटर का सेल्युलेज उपचार

विरंजित कपास लिंटर को पानी में डालकर (एमएलआर = 1:30) उसमें सेल्युलेस एन्जाइम को विभिन्न सांद्रता में (0.1%, 0.5%, 1%) मिलाया गया। सेल्यूलोस तंतुओं के आंशिक जलअपघटन के लिए इस मिश्रण का तापमान 45 मिनट के लिए लगभग 45 डिग्री सेल्सियस पर बनाए रखा गया था । बेहतर मिश्रण के लिए यह प्रक्रिया डी-टाइप संरचना वाले लुगदी यंत्र (पल्पर) में की गई, जिसमे एक समान गर्मी क लिए जैकेट के चारों ओर तीन विद्युत कॉयल लगाई गयी थीं । 10 से 15 मिनट के लिए 70 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर गर्म करके सेल्युलेज एंजाइम को निष्क्रिय करके प्रतिक्रिया को रोका गया और एंजाइम को हटाने के लिए उपचारित लिंटर रेशों को नल के पानी से कई बार धोया गया। इस प्रक्रिया के प्रभाव के मूल्यांकन के लिए प्रसंस्कृत तंतुओं की सतह आकारिकी का अध्ययन किया गया। स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी (स्कैनिंग इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोपी) विश्लेषण से सेल्युलेज एंजाइम द्वारा लिंटर तंतुओं का आंशिक जलअपघटन और रेशकीकरण देखा जा सका । हालांकि, 1% सेल्युलेज एंजाइम की सांद्रता पर अधिकांश तंतुओं का स्केलिंग और क्षरण हुआ (चित्र 2.17) ।

0.1 % सेल्युलेज

0.5% सेल्युलेज

1% सेल्युलेज

चित्र 2.17: सेल्युलेज प्रसंस्कृत लिंटर तंतुओं की सतह - आकारिकी

टी ई एम पी ओ (टेम्पो) ऑक्सीकरण प्रक्रिया

सूक्ष्म/नैनो सेल्यूलोज के निर्माण में सबसे लोकप्रिय रासायनिक पूर्व-उपचारों में से एक है टेम्पो औक्सीडेशन प्रक्रिया। इस प्रक्रियाके लिए, विरंजित कपास लिंटर (12 ग्राम, शुष्क आधार पर) को 480 मिलीलीटर विआयनिकृत पानी में डालकर परिवेश तापमान परअच्छी तरह से मिलाया गया था। फिर, इस मिश्रण मे 15000 मिलीग्राम सोडियम ब्रोमाइड और 150 मिलीग्राम टेम्पो ((TEMPO (2,2,6,6-Tetramethylpiperidin-1-yl)oxyl) मिलाकर10 मिनट तक लगातार चलाते रहें।इसके बाद मिश्रण में लगभग 20मिलीलीटरसोडियम हाइपोक्लोराइट घोल (13%) बूंद-बूंद डाला गया और 0.5 M सोडियम हाइड्रॉक्साइड घोल से pH को10–11 बनाए रखा। 1 घंटे के बाद, ऑक्सीकरण प्रक्रिया को रोकने के लिए 20

कटाई संगति सूचक : किसानों से एकत्र किए गए नमूनों के फाइबर गुणवत्ता मापदंडों के आधार पर विकसित किया गया था ताकि किसानों द्वारा प्राप्त मूल्य को उनकी फसल और फसल के बाद की प्रथाओं के मद्देनजर कपास की गुणवत्ता के साथ जोड़ा जा सके। यह स्पष्ट रूप से स्थापित किया गया था कि जहां किसान उचित प्रथाओं (चुनने/गुणवत्ता के अनुसार भंडारण/बिक्री) का पालन करते हैं, उन्हें उपज की गुणवत्ता के अनुसार आय मिलती है।

कपास बायोमास मूल्य श्रृंखला प्रारंभिक अवस्था में है। केस स्टडी के साथ सप्लाई चेन लॉजिस्टिक्स का विश्लेषण किया गया, जिसमें संघ/समूहों में काम करके कपास के डंठल की बिक्री के माध्यम से किसानों को 1000 रुपये प्रति एकड़ के अतिरिक्त पारिश्रमिक की संभावना का पता चला। किसानों और उपयोगकर्ता उद्योग के बीच कड़ी न होने के कारण पूरी क्षमता का दोहन नहीं हो पाता है।

सस्टेनेबल कॉटन इनिशिएटिव्स जैसे कि बेहतर कपास पहल (बीसीआई) और जैविक कपास का उत्पादन छोटे धारक कपास किसानों के बीच तेज गति से बढ़ रहा है, जो किसानों को प्रभावित कर रहा है और बीसीआई के मामले में 12-15% और जैविक कपास उत्पादक किसानों के मामले में 30-35% तक खेती की लागत को कम कर रहा है। एक विशिष्ट मूल्य श्रृंखला स्थापित करने के लिए बाजार से जुड़ाव महत्वपूर्ण है ताकि किसानों को उपयुक्त पारिश्रमिक मिल सके। एफपीओ किसानों को मूल्य श्रृंखला से जोड़कर और उनकी उपज के लिए सुनिश्चित बाजार आश्वासित करके किसानों को 500 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बना रहे हैं। जैविक कपास की खेती के मामले में, एफपीओ उत्पादन को सुव्यवस्थित करने, प्रमाणन के साथ-साथ कपास के विपणन में अंतिम उपयोगकर्ताओं के साथ एक अलग संबंध बनाने में शामिल हैं। एफपीओ के माध्यम से उपभोक्ता उद्योग से जुड़े जैविक कपास उत्पादकों को सुनिश्चित बाजार और प्रीमियम मूल्य आश्वासित किया जाता है, जैसा कि 1.42 के बीसी अनुपात से परिलक्षित होता है।

समावेशी कृषि-व्यवसाय मॉडल में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) की परिकल्पना छोटे किसानों को मूल्य श्रृंखला से जोड़ने के लिए; या तो जिनर्स (बेहतर सौदेबाजी की शक्ति के साथ) या स्पिनर्स के साथ, महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है जो किसानों को बेहतर लाभप्रदता के साथ स्थायी विपणन समाधान प्रदान कर सकती हैं। वे किसानों की आय में सुधार के लिए कम उपयोग किए गए बायोमास के व्यावसायिक उपयोग की गुंजाइश भी प्रदान कर सकते हैं।

2.7.4 प्रौद्योगिकी सृजनन : रफ्तार कृषि-व्यवसाय सृजनन केंद्र (कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग) (डी ए सी एवं एफ डब्लू)

केंं. क. प्रौ. अनु. सं. आरकेवीवाई - रफ्तार (राष्ट्रीय कृषि विकास योजना - कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र पुनरूद्धार हेतु लाभकारी दृष्टिकोण) योजना के तहत स्थापित किये गए 29 इन्क्यूबेटर्स में से एक रफ्तार कृषि-व्यवसाय सृजनन (आर-एबीआई) केंद्र है। जिसका उद्देश्य कृषि में उद्यमिता को बढ़ावा देना और कृषि और संबद्ध क्षेत्र में नवोन्मेष आधारित विकास है। केंं. क. प्रौ. अनु. सं. आर-एबीआई 31 जनवरी 2019 से कार्य कर रहा है। केंं.क.प्रौ.अनु.सं.-कृषि-व्यवसाय सृजनन केंद्र स्नातकों / ग्रामीण युवाओं / किसानों और अन्य हितधारकों को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से जुड़े उनके नवोन्मेषी विचार/अवधारणाओं का भौतिकीकरण / व्यावसायीकरण करने के लिए प्री-सीड (5 लाख) और सीड स्टेज (25 लाख) फंडिंग के साथ एक प्लेटफार्म प्रदान करता है। इस मंच के माध्यम से नवीन विचारों वाले व्यक्तियों / स्टार्टअप्स को अपने विचारों को वास्तविकता में लाने के लिए संस्थान और इसके नेटवर्किंग भागीदारों से अनुभवी विशेषज्ञता प्राप्त हो सकती है। केंं.क.प्रौ.अनु.सं.- कृषि-व्यवसाय सृजनन दो तरह की फंडिंग प्रोग्राम प्रदान करता है अर्थात् 'उदय', प्री-सीड स्टेज फंडिंग प्रोग्राम, जिसके तहत कृषि-स्टार्टअप को 5 लाख रुपये तक की धनराशि अभिनव विचारों को व्यावहारिक प्रोटोटाइप में बदलने के लिए प्रदान की जाती है और 'अंकुर', सीड स्टेज फंडिंग प्रोग्राम, जिसके तहत कृषि-स्टार्टअप्स को 25 लाख रुपये तक की सहायता राशि उनके एमवीपी का व्यावसायीकरण /व्यावसायिक गतिविधि को बढ़ाने के लिए प्रदान की जा रही है।

कें.क.प्रौ.अनु.सं.-कृषि-व्यवसाय सृजनन, रफ़्तार इन्क्यूबेशन कमेटी (आरआईसी) के निरंतर मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण के तहत संचालित होता है। आरकेवीवाई - रफ्तार के दिशानिर्देशों के अनुसार गठित कि गयी आरआईसी में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं।

तालिका : कें.क.प्रौ.अनु.सं.- रफ़्तार इनक्यूबेशन कमेटी (आरआईसी)

अ. क्र.	नाम	पद	आरआईसी में भूमिका
1	डॉ. (श्रीमती) सुजाता सक्सेना	निदेशक, भाकृअनुप- कें. क. प्रौ. अनु. सं, मुंबई	अध्यक्ष (संस्था प्रमुख)
2	श्री रमेश आर. कदम	आरटीडी, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया	सदस्य (बैंक के प्रतिनिधि)
3	डॉ. जी. आर. अनप	पूर्व अंतर्राष्ट्रीय कपास सलाहकार, विश्व बैंक परियोजना (अफ्रीका)	सदस्य (उद्योग मे डोमेन विशेषज्ञ)
4	प्रो. (डॉ.) वी.डी. गोटमारे	एसोसिएट प्रोफेसर, कपड़ा निर्माण विभाग, वीजेटीआई, मुंबई	सदस्य (अकादमिया से डोमेन विशेषज्ञ)
5	प्रो. (डॉ.) ए.एस. वस्त्राद	प्रोफेसर और उप. निदेशक छात्र कल्याण, कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (यूएएस), धारवाड़	सदस्य, (आरकेवीवाई जानकारी सहायक, नामित)
6	श्री. आबासाहेब किसनराव हराल	सेवानिवृत्त, संयुक्त निदेशक कृषि एवं मुख्य समन्वयक (पीपीपी-आयएडी) कृषि विभाग, महाराष्ट्र राज्य	सदस्य (राज्य कृषि विभाग के राज्य प्रतिनिधि)
7	अशोक कुमार भारिमल्ला	वरिष्ठ वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रभाग (सीबीपीडी), भा.कृ.अनु.प.-कें. क. प्रौ. अनु. सं., मुंबई	सदस्य सचिव (पीआई) - मुख्य कार्यकारी अधिकारी (पीआई-सीईओ), कें.क.प्रौ.अनु.सं. -आर-एबीआई
8	डॉ एन.जे. ठाकोर	पूर्व डीन, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डॉ. बीएसकेवी, दापोली	डोमेन विशेषज्ञ (आमंत्रित) कें.क.प्रौ.अनु.सं. -आर-एबीआई

एग्रीबिजनेस स्टार्टअप्स को फंडिंग सपोर्ट:

कें.क.प्रौ.अनु.सं. आर-एबीआई विभिन्न समूहों के दौरान स्टार्ट-अप्स को अनुदान सहायता प्रदान करने में सफल रहा है।

पहला समूह : बारह कृषि व्यवसाय स्टार्ट-अप्स को 144 लाख रुपये की सहायता अनुदान स्वीकृत हुई और समीक्षाधीन अवधि के दौरान 49 लाख रुपये की स्वीकृत सहायता अनुदान की दूसरी किस्त वितरित की गई [प्री-सीड स्टेज फंडिंग 4.60 लाख रुपये और; सीड स्टेज फंडिंग रु 44.40 लाख] ।

दूसरा समूह : बारह (12) स्टार्ट-अप को 153लाख रुपये की स्वीकृत अनुदान सहायता [चार (4): प्री-सीड स्टेज फंडिंग और आठ (8): सीड स्टेज फंडिंग]। स्वीकृत सहायता अनुदान की पहली किस्त जारी करने के लिए ३ दिसंबर 2021 को दूसरे समूह के तहत कृषि व्यवसाय स्टार्टअप्स के साथ ग्यारह समझौता ज्ञापनों (MoAs) पर हस्ताक्षर किए गए।

तीसरा समूह : तीसरे समूह के इनक्यूबेट्स के लिए एग्रीप्रेन्योरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम (A O P) और इन्क्यूबेशन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 सितंबर से 23 नवंबर 2021 के दौरान आयोजित किया गया था। 83

आवेदनों में से (39 प्री-सीड के लिए और 44 सीड स्टेज फंडिंग के लिए), दस (10) स्टार्ट-अप (5 प्री-सीड के लिए और 5 सीड स्टेज फंडिंग के लिए) चुने गए और एओपी कार्यक्रम के लिए शामिल हुए।

चौथा समूह : एग्रीप्रेनरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम (AOP) कम रेजिडेंट इनक्यूबेशन प्रोग्राम के लिए उन्नीस (19) एग्री-स्टार्ट-अप्स की स्क्रीनिंग की गई।

सलाह सत्र:
रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान ग्यारह मेंटरिंग सत्र आयोजित किए गए।

- पहला समूह: पहली किस्त के रूप में प्राप्त सहायता अनुदान विवेकपूर्ण व्यय के संबंध में दो सलाह सत्र जून 2021 में आयोजित किये गए।
- दूसरा समूह: स्टार्ट- अप्स को अंतिम सीआईसी (CIC) बैठक के लिए तैयार करने के लिए 23/04/2021 और 26/04/2021 को सत्र आयोजित किये गए।
- एओपी एवं इन्क्यूबेशन कार्यक्रम के दौरान चार (04) सलाह सत्र 23/09/2021, 24/09/2021, 25/09/2021, & 27/09/2021 को आयोजित किये गए।
- तीसरे समूह के तहत चयनित स्टार्ट- अप्स के साथ एओपी और इन्क्यूबेशन प्रोग्राम के दौरान तीन (03) सलाह और तकनीकी चर्चा सत्र आयोजित किये गए।

प्रकाशन:
विवरणिका
- क्यूआर कोड के साथ ऑनलाइन ब्रोशर
- विश्व मृदा दिवस के लिए ई-ब्रोशर

पुस्तक
- सिरकोट-आर ए बी आय एंडेवर: बोलस्टरिंग वूमेन एग्री-स्टार्टअप

आयोजित कार्यक्रम:

- 7अगस्त 2021 को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया। पहली, दूसरी, और तीसरी कोहोर्ट के सभी स्टार्ट-अप्स ने भाग लिया।
- केंं.क.प्रौ.अनु.सं. आर-एबीआई के तीसरे कोहोर्ट के वर्चुअल एग्रीप्रेन्योरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम (एओपी) और इन्क्यूबेशन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 23 सितंबर 2021 को हुआ।
- ए 2 3 नवंबर 2 0 2 1 को तीसरे कॉहोर्ट के एग्रीप्रेन्योरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम और इनक्यूबेशन सह-प्रशिक्षण प्रोग्राम का समापन समारोह
- निवेशक बैठक: निवेशक श्री योगेश निमोदिया और श्री अभय असलकर, पायोटेक्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, पुणे के निदेशक (1,000 करोड़ रुपये के कारोबार वाली कंपनी) के साथ केंं.क.प्रौ.अनु.सं. आर-एबीआई स्टार्टअप मेसर्स पावक फूड्स की बैठक।

आयोजित व्याख्यान:
व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं जैसे व्यापार प्रस्ताव, रणनीति, नवाचार प्रबंधन, वित्त पोषण, निर्यात, विनियम, आईपी प्रबंधन आदि पर कृषि व्यवसाय स्टार्टअप का मार्गदर्शन करने के लिए आठ व्याख्यान आयोजित किए गए।

1. 'निर्यात का मूल' विषय पर श्री हेमंत लाडगांवकर, व्यवसाय प्रबंधक, केंं.क.प्रौ.अनु.सं. आर-एबीआई, सिरकॉट द्वारा 11 अक्टूबर 2021 को व्याख्यान
2. 'बेहतर कृषि नवोन्मेषी प्रस्ताव की रणनीति' पर डॉ. सी. सुंदरमूर्ति, वरिष्ठ वैज्ञानिक, टीटीडी, आईसीएआर-सिरकॉट द्वारा 12 नवंबर 2021 को व्याख्यान
3. 'नवाचार (इनोवेशन) प्रबंधन: स्टार्टअप पर्सपेक्टिव' पर श्रीमती रोहिणी वायल, वरिष्ठ प्रबंधक, बौद्धिक संपदा, मेसर्स गोदावरी बायोरिफाइनरीज, मुंबई द्वारा 13 नवंबर 2021 को व्याख्यान
4. 'कृषि-स्टार्टअप के लिए विनियामक अनुपालन (खाद्य उत्पादों के विशेष संदर्भ में)' पर डॉ. शर्मिला पाटिल, वैज्ञानिक, द्वारा 16 नवंबर 2021 को व्याख्यान
5. 'कृषि स्टार्टअप व्यवसाय को कैसे प्रभावी बनाएं' पर डॉ. एन.जे. ठाकोर, सलाहकार, कृषि-खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य प्रौद्योगिकी और सुरक्षा, पुणे द्वारा 18 नवंबर 2021 को व्याख्यान
6. 'व्यापार उद्यम के लिए वित्त पोषण के रास्ते' पर श्री शांतनु चेनी, क्रेडिट अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 21 नवंबर 2021को व्याख्यान
7. ' अनुसंधान का सफल व्यावसायिक उद्यम में

रूपांतरण' पर पार्थसारथी भट्टाचार्य, संस्थापक और निदेशक (अनुसंधान), मेसर्स टिएरा सीड साइंस प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा ६ को दिसंबर २०२१ को व्याख्यान

8. 'मेरे नवोन्मेष का सफल व्यावसायिक उद्यम में अनुवाद' पर श्री राणा अथेया, सीईओ और संस्थापक, मेसर्स डॉगस्पॉट, नई दिल्ली द्वारा 7 दिसंबर 2021 को व्याख्यान

सिरकॉट-आरएबीआय में महिला कृषिउद्यमियों को इनक्यूबेट किया गया

महिला कृषि व्यवसाय स्टार्टअप द्वारा वित्त पोषित सिरकॉट-आरएबीआय तीन समूहों के तहत:

I. कोहोर्ट: पांच महिला स्टार्टअप को इनक्यूबेट किया गया; उनके नवाचारों के व्यावसायिक विस्तार के लिए 49 लाख रुपये की धनराशि प्राप्त हुई।

II. कोहोर्ट: चार महिला स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट किया गया; उनके नवाचारों के व्यावसायिक विस्तार के लिए 63 लाख रुपये की धनराशि प्राप्त हुई।

III. कोहोर्ट: तीन महिला स्टार्टअप्स ने अपना एग्रीप्रेन्योरशिप ओरिएंटेशन और रेजिडेंट इनक्यूबेशन प्रोग्राम पूरा कर लिया है।

तीसरा दल :

स्टार्टअप्स और उनके धारणायें जो प्री-सीड स्टेज फंडिंग के परामर्श को लिए चुना गया

अनु क्रमांक	स्टार्टअप/कृषि उद्यमियों का नाम	विचार/अवधारणा
1	मेसर्स ओसीअन फार्म्स (श्री अक्षय जाधव)	समुद्री शैवाल की खेती और समुद्री शैवाल आधारित उत्पादों का विकास
2	एमएस तेजस्वी कृषि इंडस्ट्रीज (श्री. विलास राजोले)	इमली प्रसंस्करण की मूल्य श्रृंखला
3	मेसर्स वन स्टॉप डिजिटल एग्रो सोलुसंस प्रा. लिमिटेड (श्री. प्रतापसिंह चव्हाण)	सिंगल स्टॉप डिजिटल कृषि समाधान प्लेटफ़ॉर्म
4	मेसर्स कयाधु वर्मिकोम्पोस्ट (श्री. अक्षय पतंगे)	नवोन्मेषी सड़ने योग्य जैविक अपशिष्ट जैसे बकरी का गोबर, खेत अवशेष का खाद के रूप में उपयोग सामग्री
5	मेसर्स रेक्लेनो स्किनकेयर एलएलपी (श्रीमती. गौरी खटपे)	बिनौला तेल के मूल्यवर्धन के लिए प्रक्रिया प्रोटोकॉल के विकास के माध्यम से 100% प्राकृतिक सामग्री द्वारा हस्तनिर्मित कोल्ड प्रोसेस साबुन का निर्माण

स्टार्टअप्स जो सीड स्टेज फंडिंग के परामर्श हेतु चुना गया

अनु क्रमांक	स्टार्टअप/कृषि उद्यमियों का नाम	विचार/अवधारणा
1	मेसर्स वीआरएसएस एग्रो इंजिनीयरिंग एलएलपी (श्री विनोद अटकरी, श्री राजेंद्र कोल्हे, श्रीमती विशाखा कोल्हे, श्रीमती. स्वप्नाली अटकरी)	किसान, एफपीओ और किसानों समूहों के लिए अभिनव भोजन कण भंडारण कोठी
2	मेसर्स राजवर्धनी न्यूट्रीकेयर और फूड्स (सुश्री प्रदन्या राणे)	प्राकृतिक रूप में पौष्टिक किफायती शिशु आहार

अनु क्रमांक	स्टार्टअप/कृषि उद्यमियों का नाम	विचार/अवधारणा
3	मेसर्स बायोलोजिकल रिसर्च इन्नोवेसन केंद्र एंड सोलुसंस एलएलपी (श्री रविशंकर भट)	पौधा-आधारित संघटक का उपयोग करते हुए वस्त्र के दाग दूर करनेवाला
4	मेसर्स बेसलाइन इंजिनीअरिंग एलएलपी (श्री अरविंद घाडगे)	पीने के लिए डिसेलिनेटिड़ समुद्री पानी
5	मेसर्स अर्दे पाटिल फार्मा प्राइवेट लिमिटेड (श्री. सरजेराव पाटिल)	औषधीय पौधा अर्क का निष्कर्षण और उसका उपयोग

चौथा दल :

स्टार्टअप्स और उनके धारणायें जो प्री-सीड स्टेज फंडिंग के परामर्श को लिए चुना गया

अनु क्रमांक	स्टार्टअप/कृषि उद्यमियों का नाम	विचार/अवधारणा
1	डॉ. अनूप बी सोनवणे, श्री सचिन आर. एडसारे	व्यवहार्य और गैर-व्यवहार्य प्याज के बीज का निर्धारण करने के लिए रैपिड डिटेक्शन किट
2	मेसर्स मास्टर टेक्नोलॉजीज प्रा.लि (श्री हिमांशु विनायक दीक्षित)	किसानों की मृदा अंतरफसल खेती की जरूरतों के लिए एक स्वचालित एकल मशीन का उत्पादन करने की ओर नवीन दृष्टिकोण
3	मेसर्स टेक्नोवस एग्रोटेक (श्री अभिषेक विलास चौधरी)	ग्रामीण सशक्तिकरण और सतत भविष्य के लिए पौधे के डंठल के निष्कर्षण, प्रसंस्करण और इसे मूल्यवान उत्पाद में परिवर्तित करने के लिए एक प्रणाली तैयार करना
4	मेसर्स ऑर्गेनिक सिटी (श्री कार्तिक साल्वी)	वर्मीकम्पोस्ट, वर्मीवाश, वर्मीकास्ट, पंचगव्य, गव्यामृत, जीवामृत
5	मेसर्स आदिवासी कृषि पर्यटन (श्री गणेश लवंकुश जाधव)	कृषि पर्यटन मॉड्यूल के माध्यम से ग्रामीणों के लिए स्थायी आय स्रोत उत्पन्न करना
6	मेसर्स क्रॉप केयर (श्री हरीश ओमप्रकाश चौधरी)	छवि पहचान, डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मोबाइल ऐप जो किसानों को उनकी फसलों और पौधों की बीमारियों का इलाज खोजने में मदद करता है
7	मेसर्स रिया लेबोरेटरीज (सुश्री सोनाली उल्हास सूर्यवंशी)	एंड्रायड आधारित अनुप्रयोग द्वारा खेत पर मिट्टी, पानी और पर्णाधार परीक्षण व परामर्श सुविधायें प्रदान करना
8	मेसर्स सूर्यवंशी रेजिंग ऑफ अदर एनिमल्स फर्म (श्री शंकरसिंह सूर्यवंशी)	ग्रामीण क्षेत्र में किसान समूह के माध्यम से रेशम कीट को पालने और रेशम कीट के उत्पादन की एक अभिनव व्यावसायिक अवधारणा, धागा बनाने के संयंत्र की स्थापना और तैयार उत्पादों का विपणन

स्टार्टअप्स जो सीड स्टेज फंडिंग के परामर्श हेतु चुना गया

अनु क्रमांक	स्टार्टअप/कृषि उद्यमियों का नाम	विचार/अवधारणा
1	मेसर्स एप्रीसिटास इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड (श्री अमित अरविंद पाटिल)	केले के रेशे निकालने की अभिनव स्वचालित हाई-टेक हाई-स्पीड मशीन के माध्यम से केले के रेशे का बड़े पैमाने पर उत्पादन
2	मेसर्स यूनी-५ एलिमेंट्स (श्री अभिजीत अरविंद मलंकर)	ईवी एक्सप्रेस वेंड @ होम सर्विस: फार्म रिटेलिंग और आपूर्ति श्रृंखला सेवाओं के लिए एक कृषि-तकनीक उन्मुख नवाचार
3	मेसर्स स्मरण उद्योग (श्री महेश मारुति बोरहाडे)	भोजन, फार्मा और सौंदर्य प्रसाधनों में उपयोग के लिए सुगंधित तेल के निष्कर्षण और उपोत्पाद के मूल्यवर्धन के लिए नवीन प्रक्रिया प्रोटोकॉल
4	मेसर्स मधुअमृत (श्री दयावान श्रीकांत पाटिल)	मधुमक्खी पालन से शहद, मोम, रॉयल जेली, पराग इकट्ठा करना , मधुमक्खी विष का उत्पादन
5	मेसर्स फोरकास्ट एग्रोटेक इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड (श्री संतोष हरिश्चंद्र सहाणे)	बायो डाइजेस्ट स्लज का बायो फर्टिलाइजर और बायो स्लरी में सतत रूपांतरण
6	मेसर्स महाराष्ट्र फूड प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजीज (श्री नितिन प्रहलाद खाड़े)	सब्जियों और फलों के निर्जलीकरण की नई प्रक्रिया
7	मेसर्स विश्व नेचुरल फैब प्रिंट्स (डॉ. ए. शारदा देवी)	डायरेक्ट प्राकृतिक रंजक प्रिंटेड कपडे
8	मेसर्स तोला बायोटेक (श्री शशांक सुधाकर छेदे और श्री संजय तुमब्रे)	कृषि में कीटनाशक के रूप में उपयोग के लिए रसायन मुक्त और अवशेष मुक्त हर्बल सूत्रीकरण(फार्मूला), विशेष रूप से अनार में बैक्टीरियल नुक़सान को नियंत्रित करने के लिए
9	मेसर्स अनन्या पोल्ट्री फार्म (श्री राजेश मारुति ठोके)	गोलीरूप पोल्ट्री खाद उर्वरक
10	मेसर्स राजमुद्रा हॉर्ट इंडस्ट्री (श्री राहुल राजेंद्र भिलारे)	टिश्यू कल्चर वाले स्ट्राबेरी के पौधे
11	मेसर्स न्यूट्रीसेफ फूड एंड एग्रो एंटरप्राइज (श्री देवकांत कालिदास चौधरी एवं सोनल नरेश चौधरी)	सोया प्रसंस्करण (टोफू और सोयामिल्क)

2.7.5 वितेलित कपास खली और उप-उत्पाद उपयोग से प्रोटीन के निष्कर्षण के लिए विकिरण का अनुप्रयोग

एलआरए किस्म के देसी कपास के बीज का उपयोग वर्तमान अध्ययन के लिए किया गया था (चित्र 2.38). लिंटेड और डिलिंटेड कपास के बीजों के भौतिक गुणों के तुलनात्मक अध्ययन ने निष्कर्ष निकाला कि डिलिंटिंग प्रक्रिया कपास के बीजों के रैखिक आयामों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित नहीं करती है। हालांकि, 1000 बीजों के वजन, थोक घनत्व और बीजों की विराम कौण में डिलिंटिंग प्रक्रिया के बाद उल्लेखनीय अंतर देखा गया। कपास के

बीज की खली से प्रोटीन निकालने के प्रारंभिक प्रयोग किए गए थे। प्रोटीन निलंबन स्थिरता का अध्ययन करने के लिए परीक्षण प्रयोग आयोजित किए गए थे। आसुत जल में प्रोटीन पाउडर और आर्द्रक मिलाया गया और घोल को समरूप किया गया। प्रोटीन स्थिरता अध्ययन के परीक्षण से निष्कर्ष निकाला कि होमोजेनाइज़र के उच्च आरपीएम और होमोजेनाइजेशन के समय के परिणाम स्वरूप घोल का रंग गहरा हो गया। जबकि, होमोजेनाइज़र के कम आरपीएम और होमोजेनाइजेशन के समय ने कोई रंग परिवर्तन नहीं दिखाया।

चित्र 2.38 एलआरए किस्म के देसी डी-लिन्ड कपास के बीज

2.7.6 वितेलित कपास खली से प्रोटीन निकालने और मूल्य संवर्धन/उप-उत्पाद उपयोग के लिए पायलट संयंत्र का डिजाइन और विकास (डीएसटी)

वर्तमान अध्ययन में विखंडित बिनौला अवचूर्ण (सीएसएम) का उपयोग किया गया था। कम मुक्त गोसीपोल और कुल गोसीपोल वाले उच्च प्रोटीन सीएसएम उत्पाद को विकसित करने के लिए नमी और माइक्रोवेव सुखाने के साथ उपचार किया गया था। बॉक्स बेहकेन डिजाइन का उपयोग करके तीन कारक, तीन स्तर के प्रयोग आयोजित किए गए थे। उसमें पूर्व-उपचार, माइक्रोवेव पावर स्तर और माइक्रोवेव समय के लिए नमी के प्रभाव का मूल्यांकन किया गया था। अनुकूलन के लिए, पूर्व-उपचार के लिए नमी सामग्री की सीमा 24% से 28%, माइक्रोवेव पावर स्तर 300 डब्ल्यू से 900 डब्ल्यू और माइक्रोवेव उपचार द्वारा वसारहित बिनौला खली के निर्विषिकरण के लिए अवधि 2 मिनट से 6 मिनट प्रक्रिया मापदंड रखे गये थे। अनुकूलित मापदंडों की विभिन्न प्रतिक्रियाओं के आधार पर, प्रयोग आयोजित किए गए थे यानी मुक्त गोसीपोल, कुल गोसीपोल और प्रोटीन सामग्री का निर्धारण। चित्र 2.40 से 2.42 से पता चलता है कि प्रतिक्रिया गुणों के सर्वोत्तम सेट के लिए प्रक्रिया चर के सबसे अच्छे संयोजन में 26% नमी सामग्री, 900 डब्ल्यू माइक्रोवेव पावर स्तर और 6 मिनट माइक्रोवेव समय शामिल थे। अनुकूलित परिस्थितियों के तहत, मुक्त गोसीपोल, कुल गोसीपोल और प्रोटीन सामग्री के प्रयोगात्मक मूल्य क्रमशः 0.047%, 1.15% और 52.54% पाए गए (तालिका 2.15)। आरएसएम विकसित मॉडलों की उपयुक्तता को इंगित करने वाले अनुमानित मूल्यों के साथ प्रयोगात्मक मूल्यों के अच्छे मिलान के साथ निष्कर्षण स्थितियों को अनुकूलित करने में सफल रहा। सर्वोत्तम अनुकूलित स्थिति के आधार पर, प्राथमिक प्रोटीन निष्कर्षण प्रयोगों कौदो अलग-अलग प्रोटोकॉल का उपयोग करके संचालित किया गया था। एक अमोनियम नमक अवक्षेपण के साथ और दूसरा साइट्रिक एसिड का उपयोग करके।

तालिका 2.14 अनुमानित और प्रायोगिक मूल्यों के बीच तुलना

प्रतिक्रियाएँ	अनुमानित मान	प्रायोगिक मान	एसडी (±)	सी.वी.(%)
प्रोटीन की मात्रा	51.675	52.54	0.6545	1.39
टोटल गोसीपोल	1.196	1.15	0.0576	4.36
फ्री गोसीपोल	0.056	0.047	0.0071	9.50

चित्र 2.39 वसारहित बिनौला अवचूर्ण और माइक्रोवेव उपचार



चित्र 2.40 मानक की तुलना में प्रोटीन मूल्य पर माइक्रोवेव उपचार का प्रभाव।



2.41 सीएसएम में कुल गोसीपोल पर माइक्रोवेव उपचार का प्रभाव।



चित्र 2.42 सीएसएम में मुक्त गोसीपोल पर माइक्रोवेव उपचार का प्रभाव।

3. प्रौद्योगिकी प्रबंधन

भाकृअनुप- कें.क.प्रौ.अनु.सं. कपास और उसके कृषि अवशेषों के प्रसंस्करण, मूल्य वर्धित उत्पादों के विकास और गुणवत्ता मूल्यांकन में बुनियादी और रणनीतिक अनुसंधान करता है। अनुसंधान कार्य के परिणामस्वरूप उपकरण, उत्पादों और प्रक्रिया आदिलेखों का विकास होता है। संस्थान कपास की कटाई के बाद के प्रसंस्करण, वस्त्रों के पर्यावरण के अनुकूल परिष्करण और कपास डंठल के मूल्यवर्धन के क्षेत्रों में पहले से विकसित प्रौद्योगिकियों के सुधार में भी लगा हुआ है। विकसित प्रौद्योगिकियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रबंधन के माध्यम से संरक्षित किया जाता है। प्रदर्शनों, औद्योगिक परीक्षणों, जागरूकता सम्मेलनों, प्रदर्शनियों और संगोष्ठियों के माध्यम से नियमित रूप से व्यवहार्य प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन, प्रचलितिकरण और व्यावसायिक अंगीकरण किया जाता है। आगे सुधार के लिए पहले से ही व्यावसायीकृत प्रौद्योगिकियों का प्रभाव मूल्यांकन भी किया जाता है।

3.1 बौद्धिक संपदा प्रबंधन

संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई (आईटीएमयू) संस्थान में विकसित प्रौद्योगिकियों के बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा और विभिन्न परामर्श परियोजनाओं के वाणिज्यिक मूल्य के मूल्यांकन और प्रौद्योगिकी के लाइसेंस का खयाल रखती है। इस अवधि के दौरान संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई (आईटीएमयू) की बीस बैठकों में सत्रह परामर्श परियोजनाओं का मूल्यांकन और प्रसंस्करण किया गया।

क्र.	परामर्श परियोजना क्र.	परियोजना का शीर्षक	परामर्श दिये गये संगठन का नाम
1	सीपी-7/20-21	रासायनिक आवश्यकताओं के साथ विरंजन परीक्षण तथा विरंजक घोल से प्राप्त अपशिष्टों का परीक्षण	मे. अमरनाथ इंजीनियरिंग कोयंबटूर, तमिलनाडु
2	सीपी-8/20-21	कावाबाटा मूल्यांकन प्रणाली (केईएस) का उपयोग करते हुए एयर जेट संव्यूतित सूत से बने कपड़े के आराम और स्पर्श विशेषताओं पर अध्ययन	मे. चंद्रकला टेक्स्टाईल्स, इचलकरंजी, महाराष्ट्र
3	सीपी-9/20-21	बिनौले के लघु तंतुओं का अभिमार्जन तथा विरंजन अध्ययन	मे. नूरियन केमिकल्स इंडिया प्रा। लिमिटेड महाड, जिला. रायगड, महाराष्ट्र
4	सीपी-10/20-21	केला रेशा आधारित मिश्रित सामग्री विकसित करना एवं माइक्रोक्रिस्टलाईन सेल्युलोज (एमसीसी) तैयार करना	मे. एप्रिसिटास टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, पुणे
5	सीपी-11/20-21	एसईएम विशेषता एवं विश्लेषण	श्री सेफस ए. वेंडरहाइड, भास्कर वामन ठाकुर विज्ञान महाविद्यालय, विरार (पश्चिम), मुंबई
6	सीपी-12/20-21	30 काउंट सूत के लिए चिक्कणन रसायन तथा उनकी बुनाई क्षमता का मूल्यांकन	मे. साइंटाइज केमिकल्स प्रा. लिमिटेड अंधेरी (पश्चिम), मुंबई
7	सीपी-13/20-21	सीएआई मुंबई प्रयोगशाला के लिए एनएबीएल की आंतरिक लेखापरीक्षा	मे. कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया, मुंबई

क्र.	परामर्श परियोजना क्र.	परियोजना का शीर्षक	परामर्श दिये गये संगठन का नाम
8	सीपी-14/20-21	प्री-क्लीनर, ट्रिबेलन औटाई यंत्र, गाँठ निपीड़क और निवेशन प्रणाली का डिजाइन एवं निर्माण	मे. बजाज स्टील इंडस्ट्रीज लिमिटेड, नागपुर
9	सीपी15/20-21	सर्जिकल कपास के उद्देश्य से देसी कपास का विरंजन तथा प्रयोगशाला विश्लेषण	कपास अनुसंधान केंद्र, वेप्पनथट्टई, तमिलनाडु
10	सीपी -1/21-22	आकार में कमी लाने के लिए आर्द्रद्रव्यमान जीवाण्विक सेल्युलोज-प्रसंस्करण	मे. रिलायंस कॉरपोरेट पार्क, ठाणे बेलापुर रोड, घनसोली, नवी मुंबई
11	सीपी-2/21-22	प्रक्षालित कपास लिंटर से विशेष निस्यंदक कागज	मे. मॉलबायो डायग्नॉस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड, राजाजीनगर, बैंगलोर
12	सीपी-3/21-22	केम्प रेशा और उसके मिश्रणों की कताई	डॉ. अमित कुमार व्यास, छबीली घाटी, बीकानेर
13	सीपी-4/21-22	रेशम अपशिष्ट रेशे तथा उसके मिश्रण की कताई	सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट
14	सीपी-5/21-22	उर्वरक तथा कीटनाशक के रूप में भाकृअनुप-कें.क.प्रौ.अ.सं. नॅनोसल्फर का मूल्यांकन	मे. देवधर केमिकल्स प्रा. लिमिटेड, एरंडवणे, पुणे
15	सीपी-6/21-22	पुनः प्राप्त कपास रेशा तथा उसके मिश्रण की कताई	मे. इंडो काउंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड, गोकुलशिरगाँव, कोल्हापुर, महाराष्ट्र
16	सीपी-7/21-22	अग्रिम परामर्श नीति के लिए कपास के साथ हेलिक्टेरेस आइसोरा फाइबर मिश्रण का सूक्ष्मकताई परीक्षण	गृह विज्ञान महाविद्यालय, पणजी, गोवा
17	सीपी-8/21-22	टसर, मुगा और शहतूत रेशम अपशिष्ट रेशों के मिश्रणों की कताई	सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट

3.2 जागरूकता बैठकें तथा प्रदर्शनियाँ

- ओटाई प्रशिक्षण केंद्र (जीटीसी), भाकृअनुप-कें.क.प्रौ.अनु.सं., नागपुर ने 8 फरवरी 2021 को शांति धाम, चंद्रपुर नगर निगम (सीएमसी), जिला चंद्रपुर, महाराष्ट्र में "शवों को जलाने के लिए कें.क.प्रौ.अ.सं. के पर्यावरणानुकूल, कुशल और तेजी से जलाने वाले शवदाहगृह" पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में लगभग 15 प्रतिभागी थे।
- कपास के गुणवत्ता आधारित विपणन पर जागरूकता कार्यक्रम मोहगांव गांव, तालुका कलमेश्वर, नागपुर में 11 फरवरी 2021 को आयोजित किया गया जिसमें 10 किसानों ने भाग लिया।
- 10 फरवरी 2021 को गोदावरी गांव, तालुका आष्टी में कें.क.प्रौ.अनु.सं. की प्रौद्योगिकी द्वारा कपास के डंठल के उपयोग से जैव-समृद्ध खाद उत्पादन के बारे में एक प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 10 किसान शामिल हुए।
- मेसर्स बँक नोट पेपर मिल लिमिटेड में 14 -16 जुलाई 2021 के दौरान जैवनाशी के प्रयोग से कीचड़ की समस्या के नियंत्रण का प्रदर्शन किया गया।
- कृषि आय बढ़ाने के लिए कपास के उचित भंडारण तथा विपणन पर ग्राम मोहपा, कलमेश्वर, नागपुर में

जागरूकता कार्यक्रम (एमजीएमजी के तहत) 15 जुलाई 2021 को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 35 किसानों ने भाग लिया।

- मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम के तहत 12 अगस्त 2021 को ग्राम घोगली, घोराड और कलमेश्वर, नागपुर में "स्वच्छ कपास उत्पादन का महत्व" पर एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 29 किसानों ने भाग लिया।
- भाकृअनुप-कें.क.प्रौ.अनु.सं. और नागपुर स्थित ओटाई प्रशिक्षण केंद्र में 16 से 22 अगस्त, 2021 के दौरान पार्थेनियम जागरूकता सप्ताह मनाया गया। किसानों और संस्थान के कर्मचारियों में जागरूकता पैदा करने के लिए पार्थेनियम के दुष्प्रभाव और खेतों और सड़कों के किनारे से उसे हटाने का महत्व समझाया गया।

- 18 अक्तूबर 2021 को धापेवाड़ा में ओटाई केंद्रों में संदूषण तथा कचरा सामग्री प्रबंधन पर किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 21 अक्तूबर 2021 को पुलगांव में और किसानों के लिए गिन्नी में ओटाई केंद्रों में संदूषण और कचरा सामग्री के प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था।
- 2 अक्तूबर 2021 ग्राम चहरवाला, जिला सिरसा (हरियाणा) में स्वच्छ कपास चुनाई पर जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. हामिद हसन, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने व्याख्यान दिया और एक किसान के खेत में स्वच्छ कपास चुनने की तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। किसानों को स्वच्छ कपास चुनने में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री जैसे तहबंद, शिरोवस्त्र, तिरपाल आदि प्रदान की गई। कुल मिलाकर, 20 किसानों को स्वच्छ कपास चुनाई का प्रशिक्षण दिया गया।

- ओटाई प्रशिक्षण केंद्र (जीटीसी), भाकृअनुप-के.क.प्रौ.अनु.सं., नागपुर ने 16 दिसंबर, 2021 को म्हसेपठार गांव, कलमेश्वर, नागपुर में 'प्राकृतिक खेती' पर किसान-वैज्ञानिक अंतरापृष्ठ सभा का आयोजन किया।
- ओटाई प्रशिक्षण केंद्र, नागपुर ने 18 दिसंबर, 2021 को मेरा गांव मेरा गौरव के आधीन दत्तक लिए गाँव मांडवी, कलमेश्वर, नागपुर में "स्वच्छता पखवाड़ा" के तहत एक सफाई एवं स्वास्थ्य रक्षा अभियान आयोजित किया।
- 23 दिसंबर 2021 को ओटाई प्रशिक्षण केंद्र, नागपुर में 'किसान दिवस 2021' मनाया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों के लगभग पचास किसानों और इतनी ही संख्या में छात्रों ने भाग लिया। श्री. मिलिंद शेंडे, जिला अधीक्षण कृषि अधिकारी, जिला नागपुर, ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। इस कार्यक्रम के दौरान किसानों से कपास की खेती में अच्छी कृषि पद्धतियाँ अपनाने का आग्रह किया गया।

3.3 प्रदर्शनियां एवं कृषि मेला

- नागपुर में आयोजित "एग्रोविज़न 2021" में जीटीसी, भाकृअनुप-के. क.प्रौ.अनु.सं., नागपुर ने 24-27 दिसंबर, 2021 के दौरान के.क.प्रौ.अ.सं. के उत्पादों तथा प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया।

3.4 दूरदर्शन/रेडियो वार्ता

- "कपास ओटाई उद्योग से गुलाबी इल्ली को नष्ट करने और उसका प्रसार रोकने के उपाय" इस विषय पर डॉ. वी.जी. आरुडे, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा दूरदर्शन वार्ता का 20 और 21 अप्रैल, 2021 को कृषिदर्शन कार्यक्रम के तहत दूरदर्शन सह्याद्री पर प्रसारण किया गया।

- डॉ. प्रशांत देशमुख, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने 8 जून 2021 को दूरदर्शन के कृषिदर्शन कार्यक्रम में "आरकेवीवाई-रफ़्तार योजना के तहत कृषि स्टार्टअप" पर एक टीवी वार्ता में भाग लिया।
- डॉ. ज्योति ढाकणे-लाड, वैज्ञानिक ने दूरदर्शन सह्याद्री चैनल पर 'कृषिदर्शन' कार्यक्रम के दौरान 24 अगस्त, 2021 को शाम 6:30 बजे प्रसारित "केले के तने से धागा निर्माण एवं अन्य प्रक्रियाएं" विषय पर एक वार्ता प्रस्तुत की।

- "कृषि मशीनीकरण और उपकरणों का रखरखाव" इस विषय पर डॉ. पी. एस. देशमुख, वरिष्ठ वैज्ञानिक का एक साक्षात्कार आकाशवाणी-ऑल इंडिया रेडियो, मुंबई पर एक कृषि कार्यक्रम: माझे आवार माझे शिवार- हैलो शंका समाधान, में 23 मार्च 2021 को प्रसारित किया गया।
- डॉ. शर्मिला पाटिल, वैज्ञानिक ने "आरकेवीवाई-रफ़्तार योजना" पर एक रेडियो वार्ता प्रस्तुत की जिसका प्रसारण 12 जून 2021 को आकाशवाणी, मुंबई (अस्मिता चैनल) पर किया गया।
- 26 जुलाई 2021 को आकाशवाणी के अस्मिता चैनल पर डॉ. पी.एस. देशमुख, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा "आरकेवीवाई के तहत अभिनव विचारों के लिए स्टार्टअप योजना" (मराठी में) पर रेडियो वार्ता प्रस्तुत की।
- "भारतीय कृषि में महिलाओं का योगदान" (मराठी में) इस विषय पर डॉ. एन. एम. अष्टपुत्रे, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने 31 जुलाई 2021 को आकाशवाणी के अस्मिता चैनल पर रेडियो साक्षात्कार दिया।

4. कौशल विकास और क्षमता निर्माण

4.1 कर्मचारियों का क्षमता निर्माण

संस्थान के लिए अधिकतम कार्य निष्पादन करने एवं उसे सक्षम बनाने के लिए नवीनतम विकास के साथ अपने संबंधित क्षेत्रों में कार्यबल का कौशल उन्नयन आवश्यक है। कर्मचारियों के क्षमता निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए, विभिन्न श्रेणी के कर्मचारी अर्थात वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया जाता है।

संस्थान के कर्मचारियों को उनसे संबंधित क्षेत्रों में वर्ष 2020-2021 और 2021-22 के लिए प्रशिक्षण आवश्यकता मूल्यांकन योजनाओं के अनुसार प्रशिक्षित किया गया था। अत्याधुनिक तकनीक और परियोजना प्रबंधन के तरीकों को सीखने के लिए कर्मचारियों को प्रमुख संस्थानों में प्रशिक्षित किया गया था। प्रशिक्षण परिणाम का विश्लेषण करने के लिए एक वर्ष की अवधि के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रभाव मूल्यांकन भी किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान नियोजित प्रशिक्षणों की प्रतिशतता 78 % थी , वैज्ञानिकों ने विविध क्षेत्रों जैसे डेटा विश्लेषण, कपड़ा संरचनाओं का निर्माण और कपड़ा सामग्री की विशेषता, अनुसंधान कौशल में वृद्धि और प्रौद्योगिकी के शोधन, खरीद प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, इलेक्ट्रोस्पिनिंग, पर्यावरणीय स्थिरता और अनुसंधान नैतिकता, तनाव प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण लिया। तकनीकी कर्मचारियों ने स्वास्थ्य प्रबंधन और कार्यस्थल में सुरक्षा उपाय, साइबर सुरक्षा, अतिथि गृहों सहित कार्यालय और आवासीय भवन की मरम्मत और रखरखाव, ई-गवर्नेंस एप्लीकेशन, संसद प्रश्न और आश्वासन आदि पर प्रशिक्षण लिया। प्रशासनिक कर्मचारियों को प्रोद्भवन लेखा, नोटिंग और प्रारूपण, खरीद प्रबंधन, सरकारी ई-मार्केटप्लेस, स्थापना मामलों आदि में प्रशिक्षित किया गया था। सहायक कर्मचारियों ने कार्य स्थल पर स्वास्थ्य प्रबंधन और सुरक्षा उपाय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सारणी 4.1 संस्थान के कर्मचारियों का कौशल विकास 2021 के दौरान

कार्यक्रम शीर्षक	अवधि	द्वारा आयोजित	नाम
वैज्ञानिक कर्मचारी			
समय श्रृंखला डेटा विश्लेषण	जनवरी 04-09, 2021	भा.कृ.अनु.प.- नार्म , हैदराबाद	डॉ. सी. सुंदरमूर्ति
वस्त्र संरचनाओं का निर्माण और वस्त्र सामग्री की विशेषता (हाइब्रिड मोड)	जनवरी 05-07, 2021	भा.कृ.अनु.प.- सिरकॉट, मुंबई	डॉ. एस. के. शुक्ला डॉ. पी. के. मंध्यान डॉ. ए. के. भारीमल्ला डॉ. जी. टी. वी. प्रभु श्री हिमांशुशेखर चौरसिया
कम्प्यूटेशनल आधारित सामग्री विज्ञान (ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स)	जनवरी 16-26, 2021	जी एन खालसा कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, मुंबई	डॉ. एन. विघ्नेश्वरन
वैज्ञानिक द्वारा अनुसंधान कौशल और प्रौद्योगिकी के शोधन में वृद्धि	जनवरी 18-20, 2021	भाकृअनुप-आईआईएचआर, बेंगलुरु	डॉ. वी. जी. अरुडे

कार्यक्रम शीर्षक	अवधि	द्वारा आयोजित	नाम
खरीददारी प्रबंधन	फरवरी 02, 2021	आईसीएआर, नई दिल्ली	डॉ. पी. जी. पाटील डॉ. पी. के. मंध्यान डॉ. ए. के. भारीमल्ला
नैनोफाइबर, पॉलिमर, सिरेमिक, कार्बन और नैनो रेशेदार संरचनाओं की इलेक्ट्रोस्पिनिंग	फरवरी 03-05, 2021	वोलो विश्वविद्यालय-केआईओटी, इथियोपिया	डॉ. टी. सेंथिलकुमार डॉ जी कृष्णा प्रसाद डॉ. शर्मिला एस. पाटील
पर्यावरणीय स्थिरता और अनुसंधान नैतिकता (ऑनलाइन)	फरवरी 03-11, 2021	अविनाशीलिंगम इंस्टिट्यूट फॉर होम साइंस एंड हायर एजुकेशन फॉर वूमेन, कोयंबटूर	डॉ. टी. सेंथिलकुमार
साइबर सुरक्षा (ऑनलाइन)	फरवरी17, 2021	सी-डैक, आईएसईए, तेलंगाना	श्री हिमांशुशेखर चौरसिया
आपदा जोखिम न्यूनीकरण में खाद्य आजीविका और मानव सुरक्षा (ऑनलाइन)	फरवरी 17-19, 2021	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार	डॉ. जी. टी. वी. प्रभु
सामग्री विशेषता (ऑनलाइन)	मार्च 02, 2021	वोलो विश्वविद्यालय, इथियोपिया	डॉ. टी. सेंथिलकुमार डॉ जी कृष्णा प्रसाद
जैव चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए इंजेक्शन हाइड्रोजेल (ऑनलाइन)	अप्रैल 24, 2021	कुमारगुरु कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर	डॉ. टी. सेंथिलकुमार डॉ जी कृष्णा प्रसाद
स्वस्थ कार्यस्थल पहल श्रमिक दक्षता शास्त्र (एर्गोनॉमिक्स) (अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण श्रृंखला) (ऑनलाइन)	जून 21, जून 28 और जुलाई 05, 2021	महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी), उदयपुर, राजस्थान	डॉ. जी. टी. वी. प्रभु
तनाव प्रबंधन (ऑनलाइन)	जुलाई 06-09, 2021	भा.कृ.अनु.प.- नार्म, हैदराबाद	डॉ. सुजाता सक्सेना
लो-कोड प्लेटफॉर्म (ऑनलाइन) का उपयोग करके वेब और मोबाइल एप्लिकेशन की प्रोग्रामिंग (ऑनलाइन)	जुलाई 07-12, 2021	भा.कृ.अनु.प.- नार्म, हैदराबाद	श्री हिमांशुशेखर चौरसिया
भाकृअनुप संस्थानों के सतर्कता अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला (ऑनलाइन)	अगस्त 16-18, 2021	भा.कृ.अनु.प.- नार्म, हैदराबाद	डॉ. एन. विघ्नेश्वरन

कार्यक्रम शीर्षक	अवधि	द्वारा आयोजित	नाम
प्रतिक्रिया सतह कार्यप्रणाली (ऑनलाइन) रिस्पास सरफेस मेयोडोलोप्पी	अगस्त 24-25, 2021	भा.कृ.अनु.प.- नार्म, हैदराबाद	डॉ. टी. सेंथिलकुमार डॉ. पी. जगजनंथा डॉ. किर्ती जलगांवकर डॉ. अजीनाथ एस. डुकारे डॉ. एस. एस. कौतकर
अनुसंधान परियोजना निर्माण और कार्यान्वयन में डिजाइन चिंतन	अगस्त 24-28, 2021	भा.कृ.अनु.प.- नार्म, हैदराबाद	डॉ मनोज कुमार पुनिया
आईएसओ/आईईसी पर एनएबीएल मूल्यांकनकर्ता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (ऑनलाइन)	अगस्त 25-27, 2021	एन. ए. बी. एल, नई दिल्ली	डॉ. ए. एस. एम. राजा
प्राकृतिक रेशा उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य वर्धित उत्पादों का मूल्यांकन (संकाय विकास कार्यक्रम) (ऑनलाइन)	सितंबर 13-22, 2021	भा.कृ.अनु.प.- निनफेट, कोलकाता	डॉ. किर्ती जलगांवकर डॉ. अजीनाथ श्रीधर डुकरे डॉ. एस. एस. कौतकर
प्राकृतिक फाइबर पर यांत्रिक प्रसंस्करण पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (ऑनलाइन)	सितंबर 21-25, 2021	भा.कृ.अनु.प.- निनफेट, कोलकाता	डॉ ज्योति ढाकणे-लाड
कृषि संबंधी माल के बाजार अनुसंधान और मूल्य श्रृंखला प्रबंधन पर एमडीपी (ऑनलाइन)	सितंबर 21-25, 2021	भा.कृ.अनु.प.- नार्म, हैदराबाद	डॉ. सी. सुंदरमूर्ति डॉ शर्मिला पाटील
आईएसओ/आईईसी 17025:2017 (भौतिक मोड) के अनुसार प्रयोगशाला निर्धारक पाठ्यक्रम	अक्टूबर 21-23, 2021	एनएबीएल, नई दिल्ली बेंगलुरु	डॉ. ए.एस.एम. राजा
गैर बुना प्रौद्योगिकी (ऑनलाइन)	अक्टूबर 27-29, 2021	भा.कृ.अनु.प.- निनफेट, कोलकाता	डॉ ज्योति ढाकणे-लाड
संसद के प्रश्न और आश्वासन (ऑनलाइन)	नवंबर 8, 2021	संसदीय और प्रशासनिक अनुसंधान संस्थान (PARI), नई दिल्ली	डॉ. एन. विघ्नेश्वरन

कार्यक्रम शीर्षक	अवधि	द्वारा आयोजित	नाम
तकनीकी कर्मचारी			
वस्त्र संरचनाओं का निर्माण और वस्त्र सामग्री की विशेषता (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन)	जनवरी 05-07, 2021	भा.कृ.अनु.प.- सिरकॉट, मुंबई	श्री डी.यू. पाटिल डॉ. हमिद हसन डॉ. (श्रीमती) शीला राज श्री के. त्यागराजन श्री यू. डी. देवीकर श्री एस. एल. भानुसे श्री पी.एन. सहाने श्री के. नारायणन श्री आर. जी. धकाते श्री एस. एन. हेडाउ श्री डी.यू. कांबले डॉ. जल सिंह श्री एम.बी. पटेल श्रीमती बीनू सुनील श्रीमती बिंदु वेणुगोपाल श्री आर. एस. नारकर
कार्यस्थल में स्वास्थ्य प्रबंधन और सुरक्षा उपाय (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन)	जनवरी 18-20, 2021	भा.कृ.अनु.प.- सिरकॉट, मुंबई	श्रीमती सी. डी. प्रभा श्री डी. एम. कोरिया श्री एम. एम. कदम श्री उमराव मीणा
सरकार में खरीद प्रबंधन (ऑनलाइन)	फरवरी 02, 2021	आईसीएआर, नई दिल्ली	डॉ एम. वी. विवेकानंदन श्री टी. वेणुगोपाल
साइबर सुरक्षा (ऑनलाइन)	फरवरी 17, 2021	सी-डैक, आईएसईए, तेलंगाना	डॉ एम. वी. विवेकानंदन श्री योगेश नगपुरे
मुक्त स्रोत पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली (KOHA) और कृषि ज्ञान प्रबंधन (ऑनलाइन)	मार्च 22-23, 2021	आईवीआरआई, इज्जतनगर (यूपी)	श्रीमती मेधा पी. कांबले
अतिथि गृहों सहित कार्यालय और आवासीय भवन की मरम्मत और रखरखाव	अगस्त 10-12, 2021	भाकृअनुप-सीआईएई, भोपाल	श्री पी.एन. सहाणे
आईसीएआर में ई-गवर्नेंस एप्लीकेशन (ऑनलाइन)	सितंबर 6-10, 2021	भाकृअनुप-भाकृसांअसं, नई दिल्ली	श्री के. नारायणन श्री एस. एन. हेडाउ श्री एस. एल. भानुसे श्री यू. डी. देवीकर डॉ. जल सिंह श्रीमती वी. जी. उडिकेरी

कार्यक्रम शीर्षक	अवधि	द्वारा आयोजित	नाम
आईसीएआर के टी-1 से टी-4 कर्मचारियों के लिए सॉफ्ट स्किल्स और व्यक्तित्व विकास पर क्षमता वृद्धि कार्यक्रम (ऑनलाइन)	सितंबर 21-30, 2021	भा.कृ.अनु.प.- नार्म, हैदराबाद	श्री राजेश पी. कदम श्री कृष्णा बारा श्री एम. एम. कदम श्री एस. जी. फालके
संसद के प्रश्न और आश्वासन (ऑनलाइन)	नवंबर 8, 2021	संसदीय और प्रशासनिक अनुसंधान संस्थान (PARI), नई दिल्ली	श्री के. नारायणन
जीवन कौशल वृद्धि और व्यक्तित्व विकास	नवंबर 16-20, 2021	भाकृअनुप-आईएआरआई, नई दिल्ली	श्री मनोज जी. अंबारे
प्रशासनिक कर्मचारी			
प्रोद्भवन लेखांकन	जनवरी 12-14, 2021	भाकृअनुप-एनआरआरआई, कटक	श्री एस.वी. कसाबे
प्रोद्भवन लेखांकन	जनवरी 19-21, 2021	भाकृअनुप-एनआरआरआई, कटक	सुश्री. हिमानी सिंह श्री टी.डी. धामंगे
कार्यस्थल में स्वास्थ्य प्रबंधन और सुरक्षा उपाय (ऑनलाइन)	जनवरी 18-20, 2021	भा.कृ.अनु.प.- सिरकॉट, मुंबई	श्री योगेश आर. पाठारे श्रीमती तृप्ति पी. मोकल श्री के. पार्लेश्वर श्रीमती स्मिता पैयाला श्रीमती एस. जी. परब श्री वी.एम. साबले श्रीमती बी. डी. खेरोडकर श्री आर. जी. मतेल श्री अविनाश अमन श्री साईनाथ एन. सहाने
सरकार में खरीद प्रबंधन (ऑनलाइन)	फरवरी 02, 2021	आईसीएआर, नई दिल्ली	श्री सुनील कुमार श्री एम. राधाकृष्णन श्री एस.वी. कसाबे श्री एस ए तेलपांडे श्रीमती पूजा तिवारी मिस हिमानी सिंह श्री वी.एम. साबले श्री एस.एन. बांद्रे
नोटिंग और प्रारूपण (ऑनलाइन)	मार्च 15-17, 2021	सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान, भारत सरकार, नई दिल्ली	श्रीमती स्मिता प्रकाश पैयाला

कार्यक्रम शीर्षक	अवधि	द्वारा आयोजित	नाम
गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं संवादात्मक बैठक (ऑनलाइन)	अगस्त 27, 2021	आईसीएआर, नई दिल्ली	श्री एम. राधाकृष्णन श्री एस.वी. कसाबे श्री एस ए तेलपुंडे श्री एस.एन. बांद्रे
एमएस-वर्ड पर प्रशिक्षण कार्यशाला (ऑनलाइन)	अक्टूबर 20-22, 2021	आईएसटीएम, नई दिल्ली	श्रीमती बी. डी. खेरोडकर श्रीमती जे. आर. चावकुटे श्री एस.एन. बांद्रे श्री आर. जी. मतेल
एलडीसी और यूडीसी के लिए स्थापना मामले (ऑनलाइन)	नवंबर 15-20, 2021	भाकृअनुप-आईआईएसआर, लखनऊ	श्रीमती जे. आर. चावकुटे श्रीमती बी. डी. खेरोडकर श्री वी.एम. साबले श्री अविनाश अमन
कुशल सहायक कर्मचारी			
कार्यस्थल में स्वास्थ्य प्रबंधन और सुरक्षा उपाय (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन)	जनवरी 18-20, 2021	भा.कृ.अनु.प.- सिरकॉट, मुंबई	श्री एम.जे. सुमरा श्री के. टी. महीडा श्री एच.बी. वेसमिया श्री आर.बी. कौतकर श्री एम. एम. कटपारा श्री एस. के. बोबाटे श्री पी. पी. पाटील श्री आर जी टाक श्री आर. पी. करकटे श्री एस.बी. वर्लीकर श्री डी. जी. गोले श्री ए. एफ. गुड्डादुर श्री एम. के. प्रभुलकर श्री जे. डी. सकपाल श्री एस. डी. मगर श्री एम जी सोसा श्री वी. सुब्बियाह श्री वी.बी. पुजारी श्री एस. पी. नायक श्री एम.एन. कांबले श्रीमती कमला मुरुगन श्री डी. के. कसार श्री सुहास आर. तोंडसे श्री एस. एस. सुरकुले श्री डी. आर. गावड़े श्री एस. एम. चंदनशिवे श्री पी. ई. गुरव श्री एम. सी. सोलंकी श्रीमती एम. एम. भंडारकर श्री थापा गोरखा बहादुर

व्यावसायिक अनुलग्नक प्रशिक्षण

FOCARS प्रशिक्षण का एक भाग के रुप में डॉ. कनिका शर्मा और श्री हिमांशुशेखर चौरसिया ने अपना व्यावसायिक अनुलग्नक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है।

डॉ कनिका शर्मा ने रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई में 25 फरवरी, 2021 से 10 जून, 2021 तक " बिनौला उप-उत्पादों के गुणधर्मों की खोज और सुधार करके मूल्यवर्धन" पर तीन महीने का व्यावसायिक अनुलग्नक प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण में कपास के मूल्य को बढ़ाने के लिए कपास उद्योग के अपशिष्ट उत्पाद माने जाने वाले बिनौला के गुणों का अन्वेषण किया गया था।

श्री हिमांशुशेखर चौरसिया ने "कॉटन यार्न की गणना के लिए CSP का उपयोग करने के लिए एक संशोधित मॉडल" पर तीन महीने का व्यावसायिक अनुलग्नक प्रशिक्षण 8 अक्टूबर, 2021 से 21 जून, 2021 तक वीरमाता जिजाबाई प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई में लिया। यह अध्ययन काउंट और सीएसपी के बीच संबंध के लिए एक संशोधित रेखीय प्रतिगमन मॉडल प्राप्त करने और सीएसपी के लिए नए मानक देने के लिए किया गया था। गणना और सीएसपी के बीच नया रैखिक प्रतिगमन मॉडल सीएसपी = 9.6 (सी + 200) के रूप में दिया जा सकता है।

4.2 मानव संसाधन उपलब्धियां:

सारणी 4.2 मानव संसाधन लक्ष्य और उपलब्धियां अप्रैल 2020 से मार्च 2021

श्रेणी	कर्मचारियों की कुल संख्या	श्रेणी एटीपी के अनुसार 2020-21 के दौरान प्रत्येक श्रेणी के लिए नियोजित प्रशिक्षणों की संख्या	2021 के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की संख्या	2020-21 के दौरान नियोजित प्रशिक्षणों का प्रतिशत (%)
वैज्ञानिक	28	10	10	100
तकनीकी	60	19	20	105
प्रशासनिक	28	13	14	108
कुशल सहायक	33	12	30	250
कुल	**149**	**54**	**74**	**141**

सारणी 4.3 मानव संसाधन लक्ष्य और उपलब्धियां अप्रैल 2021 से दिसंबर 2021

श्रेणी	कर्मचारियों की कुल संख्या	श्रेणी एटीपी के अनुसार 2020-21 के दौरान प्रत्येक श्रेणी के लिए नियोजित प्रशिक्षणों की संख्या	2021 के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की संख्या	2020-21 के दौरान नियोजित प्रशिक्षणों का प्रतिशत (%)
वैज्ञानिक	30	8	14	175
तकनीकी	63	15	12	80
प्रशासनिक	26	11	09	82
कुशल सहायक	25	11	0	0
कुल	**144**	**45**	35	78

4.3 हितधारकों को दिया गया प्रशिक्षण

कपास की कटाई पश्चात प्रसंस्करण और इसके बायोमास के मूल्यवर्धन के क्षेत्र में कौशल विकास भा.कृ.अनु.प.-सिरकॉट के अधिदेशों में से एक है। संस्थान द्वारा किसानों, ओटाईकर्ता, कपास व्यापारी और उद्योग के कर्मियों सहित हितधारकों के लिए पूरे वर्ष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन प्रशिक्षणों में कपास प्रसंस्करण के विविध क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

नागपुर में संस्थान का ओटाई प्रशिक्षण केंद्र (जीटीसी) कपास के उत्पादन और कटाई के बाद के प्रसंस्करण और मूल्य वर्धित उत्पादों के लिए कपास बायोमास का उपयोग करने वाले किसानों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण आयोजित करता है। जीटीसी द्वारा नियमित रूप से स्वच्छ गुणवत्ता वाले कपास के उत्पादन, विभिन्न ओटाई और संबद्ध मशीनों के रखरखाव के लिए प्रौद्योगिकियों पर ओटाई उद्योग में ओटाई मिस्त्री और अन्य श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

संस्थान कताई, गुणवत्ता मूल्यांकन, बुनाई, सामग्री अभिलक्षणन, नैनो प्रौद्योगिकी, माइक्रोस्कोपी, इलेक्ट्रोस्पिनिंग, शोषक कपास प्रौद्योगिकी, मिश्रित सामग्री पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षा कर्मी, उद्योगी और उद्यमियों के लिए आयोजित करता है।

सारणी 4.4 - वर्ष 2021 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

कार्यक्रम शीर्षक	अवधि	प्रतिभागियों की संख्या	प्रतिभागियों का वर्णन (प्रोफाइल)
भा.कृ.अनु.प.- सिरकॉट, मुंबई			
वस्त्र संरचनाओं का निर्माण और वस्त्र सामग्री की विशेषता (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन)	जनवरी 05-07, 2021	21	भा.कृ.अनु.प.-सिरकॉट कर्मचारी
कार्यस्थल में स्वास्थ्य प्रबंधन और सुरक्षा उपाय (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन)	जनवरी 18-20, 2021	47	भा.कृ.अनु.प.-सिरकॉट कर्मचारी
बिनौला का मूल्यवर्धन (ऑनलाइन)	मार्च 26-28, 2021	20	उद्योगकर्ता, किसान, छात्र
कृषि उद्यमिता अनुस्थापन कार्यक्रम (एओपी) (सिरकॉट आर-एबीआई के तहत दो महीने का वर्चुअल उष्मायन एवं प्रशिक्षण) (ऑनलाइन)	सितंबर 23 – नवम्बर 23, 2021	12	कृषि स्टार्टअप
नैनो प्रौद्योगिकी और इसके उन्नत अनुप्रयोग (ऑनलाइन)	नवंबर 22-26, 2021	15	अनुसंधान वैज्ञानिक, शिक्षाविद, छात्र
ओटाई प्रशिक्षण केंद्र (जीटीसी), नागपुर			
डबल रोलर ओटाई प्रौद्योगिकी और कपास श्रेणीकरण की मूल बातें	जनवरी 25-30, 2021	09	ओटाईकर्ता
डबल रोलर ओटाई प्रौद्योगिकी और कपास श्रेणीकरण की मूल बातें	जुलाई 26-31, 2021	11	ओटाईकर्ता

डबल रोलर ओटाई प्रौद्योगिकी और कपास श्रेणीकरण की मूल बातें	अगस्त 16-21, 2021	13	ओटाईकर्ता
डबल रोलर ओटाई प्रौद्योगिकी और कपास श्रेणीकरण की मूल बातें	सितंबर 27- अक्टूबर 2, 2021	16	ओटाईकर्ता
किसानों के लिए सर्वोत्तम कपास चुनने, श्रेणीकरण, भंडारण और प्रबंधन पद्धतियां - (एम. एस. सी. सी. जी. एम. एफ. लिमिटेड के सहयोग से एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला)	अक्टूबर 11-30, 2021 16 बॅचेस	867	किसान
कपास गुणवत्ता मूल्यांकन और श्रेणीकरण (एस.सी.एस.पी. के तहत)	दिसंबर 20-24, 2021	13	व्यापारी / किसान
डबल रोलर ओटाई यंत्र की स्थापना और रखरखाव (एस.सी.एस.पी. के तहत)	दिसंबर 20-24, 2021	14	ओटाईकर्ता
कपास गुणवत्ता मूल्यांकन और श्रेणीकरण (एस.सी.एस.पी. के तहत)	दिसंबर 27-31, 2021	13	व्यापारी / किसान
डबल रोलर ओटाई यंत्र की स्थापना और रखरखाव (एससीएसपी के तहत)	दिसंबर 27-31, 2021	14	ओटाईकर्ता

आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कुल संख्या	लक्ष्य	लाभार्थियों की संख्या	राजस्व उत्पन्न (लाख रुपये)
29	10	1085	17.56

4.4 शिक्षा

डॉ. एन. विघ्नेश्वरन, सूक्ष्मजीवी (मुंबई विश्वविद्यालय से संबद्धता के तहत) विषय में दो पी.एच.डी. शोध छात्रों के लिए प्रमुख सलाहकार हैं।

छात्र का नाम	प्रवेश का वर्ष	पंजीकरण संख्या और तिथि	शोध विषय	टिप्पणी
श्रीमती संगीता एम. चव्हाण	2012	13/10-10-2012	मिट्टी के पारिस्थितिक तंत्र में पाए जाने वाले नाइट्रोजन स्थिरीकरण, फॉस्फेट घुलनशीलता और बायोफिल्म बनाने वाले बैक्टीरिया पर सिल्वर, जिंक ऑक्साइड और टिटानिया नैनोपार्टिकल्स का प्रभाव।	प्रवर्तमान
सुश्री कोमल सराफ	2012	14/19-11-2013	इलेक्ट्रो स्पिनिंग द्वारा एल्जीनेट और पुलुलन के नैनोफाइबर मैट तैयार करना और भोजन खराब होने का पता लगाने के लिए नैनोसेंसर के रूप में इसका अनुप्रयोग	प्रवर्तमान

डॉ सुजाता सक्सेना, पीएच.डी. छात्र इंजीनियर अरुण वाघमोड़े (कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, डी.बी.एस.के.के.वी, दापोली) (रजि. नं. 2019/029) के लिए कीटनाशकों के संपर्क और पावर स्प्रेयर से छिड़काव के जोखिम के आकलन विषय पर सह मार्गदर्शक (गाइड) हैं। (मार्गदर्शक: डॉ. वी. वी. आवारे)।

5 . संबंध और सहयोग

भाकृअनुप-सिरकॉट ने अनुसंधान, शिक्षा, कौशल विकास और विस्तार क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संगठनों के साथ एक अच्छा नेटवर्क स्थापित किया है। हितधारकों के साथ बने संयोजन का अनुसंधान इस को बढ़ावा देने, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और शोध कार्य को बढ़ाने, क्षमता निर्माण और प्रयोगशाला से भूमि तक प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण को आसान बनाने में मदद करता है।

भाकृअनुप-सिरकॉट की क्षेत्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन इकाइयां देश के प्रमुख कपास उत्पादक क्षेत्रों तथा अन्य भाकृअनुप संस्थानों और कृषि विश्वविद्यालयों के परिसर में स्थित हैं।इन इकाइयों का मुख्य कार्य संस्थान की विस्तार शाखा के रूप में है। इसके अलावा, ये इकाइयां अतिथी संस्थानों के साथ संयोजन और सहयोग की सुविधा भी प्रदान करती हैं।

5.1 अनुसंधान एवं विकास जुड़ाव

कपास प्रजनन कार्यक्रम :

भाकृअनुप-सिरकॉट, कपास अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान कार्यक्रम (एआईसीआरपी) का एक अभिन्न अंग है, जो गुणवत्ता अनुसंधान के प्रधान अन्वेषक के रूप में कार्य करता है।यह संस्थान कपास प्रजनन कार्यक्रमों में शामिल आईसीएआर संस्थानों एवं राज्य कृषि विश्वविद्यालय से जुड़ा हुआ है। सिरकॉट केंद्रीय प्रजाति विमोचन समिति का भी एक हिस्सा है और कपास की किस्मों को जारी करने के लिए अपने गुणवत्ता के मानकों का भी पालन करता है ।सार्वजनिक संस्थानों और निजी क्षेत्र की बीज कंपनियों के बीटी कपास परीक्षणों का गुणवत्ता मूल्यांकन भी संस्थान में किया जाता है।

अनुबंध अनुसंधान: परियोजना शुरू करने के चरण में औद्योगिक हितधारकों को शामिल करने की संस्थान की पहल ने सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में सहयोगात्मक अनुसंधान करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के माध्यम से औद्योगिक हितधारकों के साथ संयोजन बढ़ाया है। प्रौद्योगिकी विकास करने हेतु भागीदारी में काम करने के लिए भारतीय कपास निगम एवं महाराष्ट्र राज्य सहकारी कपास उत्पादक विपणन मंडल जैसे संस्थागत हितधारको के साथ संबंध सुदृढ़ किये है ।

अंतर-संस्थागत अनुसंधान कार्यक्रम:

भागिदारी अनुसंधान मंच (सीआरपी)प्राकृतिक रेशों के कार्यान्वयन के लिए भाकृअनुप - सिरकॉट नोडल केंद्र है। इस परियोजना के तहत भाकृअनुप–राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशा अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, कोलकाता, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर और भाकृअनुप –केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर जैसे प्राकृतिक फाइबर के क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थानों के साथ संबंध स्थापित किये।अन्य आईसीएआर संस्थानों जैसे भाकृअनुप-भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल, भाकृअनुप-प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे, भाकृअनुप-भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर, भाकृअनुप-केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर और भाकृअनुप-राष्ट्रीय अजैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, बारामती के साथ भी संस्थान द्वारा विकसित नैनो जिंक और नैनो सल्फर पर आधारित उर्वरक के क्षेत्र मूल्यांकन के लिए अंतर-संस्थागत अनुसंधान परियोजनाएँ शूरु की जा रही है।

सृजनन केंद्र:

संस्थान के कृषि-व्यवसाय सृजनन (एबीआई) केंद्र और रफ्तार-कृषि व्यवसाय सृजनन केंद्र संस्थान प्रौद्योगिकियों पर आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने और कृषि संबद्ध क्षेत्र में नवीन व्यावसायिक विचारों के साथ स्टार्ट-अप के विकास की दिशा में काम कर रहे है।इन सृजनन केंद्रों ने नवोदित उत्पाद विकास के लिए नव कृषि उद्यमियों को मार्गदर्शन किया, उन्हें बाजार की जरूरतों के अनुसार उत्पाद, शोधन में मार्गदर्शन किया, इन सृजनन केन्द्रों ने नवोदित उत्पाद को बढ़ाने और व्यावसायिक पैमाने के उत्पादन के लिए सफल उद्यम स्थापित करने के लिए वित्त पोषण की सुविधा की।सिरकॉट सृजनन केंद्र ने नवोदित उद्यमियों, उद्योगों के साथ अपने अच्छे संबंध निर्माण किए तथा नवीन विचारों से नए उपक्रमो में बदलने की दिशा में काम करने वाले संस्थानों के साथ संबंधो का संजाल स्थापित किया।

कपास गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए प्लेटफार्म:

संस्थान ब्रेमेन इंस्टीट्यूट और यूएसडीए द्वारा आयोजित कपास फाइबर गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए राऊंड रॉबिन परीक्षणों में भी नियमित रूप से भाग ले रहा है। पिछले 5 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय कपड़ा उत्पादन महासंघ के

परिक्षण तरीकों की अंतरराष्ट्रीय कपास समिति (ICCTM-ITMF) द्वारा आयोजित चिपचिपाहट मापने के तरीकों के अंतर-प्रयोगशाला राउंड में भी भाग ले रहा है।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

कपास प्रसंस्करण और विभिन्न संस्थानों, उद्योगों और व्यक्तियों के साथ उप-उत्पादों के मूल्यवर्धन के लिए संस्थान कि प्रौद्योगिकियों के विकास / व्यावसायीकरण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

अनुसंधान सहयोग के लिए

1. भारतीय कपास निगम के साथ गुणवत्ता के मूल्यांकन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और कपास की पूरी तरह से दबाए गए (एफपी) गांठों का विश्लेषण करने के लिए मानक आदिलेख का विकास (10 मार्च 2021 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन)
2. मेसर्स महाराष्ट्र राज्य को-ऑपरेटिव कपास विपणन मंडल (MSCCGMF) लिमिटेड, नागपुर के साथ गुणता मूल्यांकन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मानक आदिलेख का विकास और कपास की पूरी तरह से दबाए गए (एफपी) गांठों का विश्लेषण" इस सामंजस्य करार पर 30 जून 2021 को हस्ताक्षर किये गए
3. मेसर्स देवधर केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, पुणे (इनक्यूबेटी) के साथ "उर्वरक और कीटनाशक के रूप में भाकृअनुप-सिरकॉट नैनोसल्फर का मूल्यांकन"। (सार्वजनिक निजी भागीदारी विधा के तहत 27 अक्टूबर 2021 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए)।

प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण

1. मैसर्स मोलबायो डायग्नोस्टिक्स, बैंगलोर के साथ 11 फरवरी 2021 को "ब्लीच्ड कॉटन लिंटर से स्पेशलिटी फिल्टर पेपर बनाने" के लिए सृजनन, तकनीकी सलाह और आगे गैर-विशिष्ट प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
2. भाकृअनुप फ्लेक्सी-चेक डैम" बनाने के लिए तकनीकी टेक्सटाइल रीइन्फोर्स्ड रबर कम्पोजिट शीट के निर्माण के गैर-विशिष्ट प्रौद्योगिकी लाइसेंस के लिए मैसर्स फोरेच माइनिंग एंड कंस्ट्रक्शन इंटरनेशनल एलएलपी, नई दिल्ली के साथ 11 अगस्त 2021 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
3. 25 नवंबर 2021 को भाकृअनुप-सिरकॉट के "समलंबाकर कम लागत पर आधारित शव दाहिनी" के निर्माण लाइसेंस के लिए मैसर्स विदर्भ सेल्स, नागपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

निम्नलिखित दो प्रौद्योगिकियों के सृजनन, तकनीकी परामर्श और प्रौद्योगिकी लाइसेंस के लिए मेसर्स एप्रीसिटास टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, अकुर्डी रेलवे स्टेशन के पास, निगडी प्राधिकरण, पिंपरी चिंचवड़, पुणे के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

